रांची, रविवार, 20 सितंबर 2026

संवत 2083, भाद्रपद शुक्ल 9 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-10, अंक 16, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 आपकी बचत को बढ़ाता है एसआईपी में निवेश

शैतान के बाद फिर से हॉरर फिल्म से जुड़े अजय 6


# यूपी में मुठभेड़ : 30 लाख का इनामी नक्सली बृजेश गंझू वाराणसी में ढेर, एटीएस ने मुठभेड़ में मार गिराया

**संवाददाता**

रांचीः चतरा जिले में सक्रिय प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के सुप्रीमो और 30 लाख रुपये के इनामी बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता को उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया। रविवार तड़के वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र के लंका मैदान में टेंगरा मोड़ के पास यह मुठभेड़ हुई। बृजेश गंझू पर झारखंड सरकार ने 25 लाख और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पांच लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।



एटीएस ने रोका तो कर दी फायरिंगः एटीएस के डिप्टी एसपी विपिन राय के अनुसार, टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड का वांछित उग्रवादी कमांडर बृजेश गंझू मोटरसाइकिल से टेंगरा मोड़ होते हुए मुगलसराय की ओर जाने वाला है। सूचना के आधार पर रविवार सुबह करीब पांच बजे एटीएस की टीम ने इलाके में घेराबंदी कर दी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार एक संदिग्ध व्यक्ति वहां पहुंचा। टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी।

**मुठभेड़ में हुई मौतः** फायरिंग के बाद एटीएस की टीम ने जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में बृजेश गंझू को गोली लगी और वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। एटीएस की टीम उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के बाद मृतक की पहचान चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के लूटू गांव निवासी बृजेश गंझू के रूप में हुई। मुठभेड़ के दौरान उग्रवादी की ओर से चलाई गई गोलियां एटीएस के डिप्टी एसपी विपिन राय और हेड कांस्टेबल नितेंद्र कृष्ण की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगीं। जैकेट की वजह से दोनों गंभीर रूप से घायल होने से बच गए। एहतियातन दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति सामान्य बताई गई है। घटना के बाद एटीएस और स्थानीय पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान चलाया। बृजेश गंझू लंबे समय से झारखंड पुलिस और एनआईए की वांछित सूची में शामिल था।

## रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा

# ट्रंप ने भारत पर 100% टैरिफ लगाने वाले बिल पर किया हस्ताक्षर

**एजेंसी**

**वाशिंगटनः** भारत पर 100 फीसदी टैरिफ का खतरा बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और ईरान पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून पर साइन कर दिए हैं। इससे रूस और उससे बड़ी मात्रा में ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार ट्रंप को होगा। ट्रंप के निशाने पर जो देश सबसे टॉप पर हैं, उनमें भारत भी शामिल है, क्योंकि ये रूसी तेल के बड़े आयातकों में चीन के साथ आता है। ट्रंप अगर बिल के मुताबिक, भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाते हैं, तो फिर इसका बड़ा असर देखने को मिल सकता है, क्योंकि भारत और अमरीका बड़े ट्रेड पार्टनर हैं और देश के यूएस को होने वाले निर्यात का आंकड़ा काफी बड़ा है। इसके साथ ही भारत- अमेरिका में जारी व्यापार वार्ता पर भी इसका बड़ा असर देखने को मिल सकता है। लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 नाम का ह बिल रूस से ज्यादा कच्चा तेल खरीदने वाले पांच देशों को टारगेट करता है, जिसमें चीन, भारत, स्लोवाकिया, हंगरी और



अजरबैजान शामिल हैं। भारत अपनी जरूरत का 40 फीसदी से ज्यादा क्रूड ऑयल रूस से खरीद रहा है। बीते अगस्त महीने में अमेरिकी सेनेट में इस बिल को 86-11 वोट से पास किया गया था। इसके बाद इसे मंजूरी मिली और अब व्हाइट हाउस की ओर से बताया गया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। न सिर्फ रूस, बल्कि ये कानून ईरान पर पहले से लागू प्रतिबंधों को भी आगे बढ़ाता है। खासतौर अब ट्रंप को उन देशों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार मिल रहा है, जो रशियन ऑयल-गैस खरीदते हैं। इसके तहत अमरीकी व्यापार प्रतिनिधि हर 180 दिन में इसमें शामिल लिस्ट का आकलन करेंगे। हालांकि, अमरीका के इस कदम पर भारत ने दो टूक कह दिया है कि देश के हितों से समझौता नहीं किया जाएगा। रूस के अलावा, भारत मुख्य रूप से इराक, सऊदी अरब, यूएई, कुवैत और कतर से तेल खरीदता है। इसके अलावा, नाइजीरिया, अंगोला, ब्राजील और अमरीका से भी कच्चा तेल आयात करता है।

# धनबाद पहुंचे राज्यपाल, आइआइटी-आइएसएम के राष्ट्रीय पर्यावरण कार्यशाला में होंगे शामिल

- ✔ बरवाअड्डा हवाईअड्डे से लेकर आइआइटी-आइएसएम तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**संवाददाता**

**धनबादः** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार रविवार को पूर्वाह्न 10:40 बजे बरवाअड्डा हवाईअड्डा पहुंचे। एयरपोर्ट पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब और अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे समेत जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। आइआइटी-आइएसएम की ओर से निदेशक टेक्सीम प्रो धीरज कुमार और रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय भी राज्यपाल के स्वागत के लिए मौजूद रहे। राज्यपाल के स्वागत के बाद जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद राज्यपाल सड़क मार्ग से आइआइटी-आइएसएम के गोल्डन जुबली लेक्चर थिएटर और पेनमैन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रवाना हुए। एयरपोर्ट से आइआइटी-आइएसएम तक सुरक्षा के व्यापक इंतजामः राज्यपाल के



दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने बरवाअड्डा हवाईअड्डे से आइआइटी-आइएसएम तक सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किये थे। एयरपोर्ट, कारकेड मार्ग, आइआइटी-आइएसएम परिसर, प्रमुख स्थलों और चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल और लाठी बल की तैनाती की गयी थी।

सुरक्षा व्यवस्था के साथ यातायात प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों और पुलिस बल को निर्धारित स्थानों पर तैनात रहकर व्यवस्था की निगरानी करने का निर्देश दिया गया था। कारकेड मार्ग पर विशेष निगरानीः राज्यपाल के कारकेड के निर्बाध आवागमन के लिए यातायात पुलिस और मोबाइल पेट्रोलिंग दल लगातार गश्त करते रहे। मार्ग की सुरक्षा के लिए एंटी-सबोटाज चेकिंग टीमें भी सक्रिय रहीं। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए जीवनरक्षक उपकरण और चिकित्सक दल से लैस एंबुलेंस को कारकेड के साथ रखा गया था। वहीं, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) के गहन चिकित्सा केंद्र को भी विशेषज्ञ चिकित्सकों और जरूरी दवाओं के साथ अलर्ट मोड पर रखा गया था।

**वरिष्ठ अधिकारियों ने संभाली व्यवस्थाः** राज्यपाल के आगमन के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार ओझा, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार और सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा समेत जिला प्रशासन और आइआइटी-आइएसएम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात और विधि-व्यवस्था से संबंधित व्यवस्थाओं की निगरानी की।

# मुंबई : बेकाबू बीएमडब्ल्यू ने तीन को रौंदा,मौत

**संवाददाता**

**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के प्रतिष्ठित कोस्टल रोड पर रविवार तड़के एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार से दौड़ रही एक लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार ने सड़क किनारे मौजूद लोगों को बुरी तरह रौंद दिया। इस भीषण टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। हादसे के तुरंत बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

सुबह 5:30 बजे लोटस जेट्टी के पास बेकाबू हुई रफ्तारः पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक दुर्घटना रविवार सुबह करीब 5:30 बजे लोटस जेट्टी के समीप हुई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार मरीन ड्राइव से हाजी अली की दिशा में बेहद तेज गति से जा रही थी। जैसे ही गाड़ी लोटस जेट्टी के पास पहुंची, चालक अचानक स्टेयरिंग पर से नियंत्रण खो बैठा। बेकाबू कार सीधे सड़क किनारे खड़े लोगों को चीरती हुई आगे निकल गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वहां मौजूद लोग हवा में उछलकर दूर जा गिरे। तीन युवकों ने अस्पताल में तोड़ा दम, एक गंभीरः हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और



राहगीरों की मदद से पुलिस ने चारों पीड़ितों को आनन-फानन में नजदीकी नायर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच के बाद तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि चौथे घायल की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है और वह आईसीयू में भर्ती है।

आरोपी चालक गिरफ्तार, अल्कोहल टेस्ट की तैयारीः मुंबई पुलिस ने मौके पर ही आरोपी बीएमडब्ल्यू चालक को हिरासत में ले लिया और बाद में औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को भी जब्त कर लिया है। पुलिस इस बात की गहन जांच कर रही है कि क्या चालक शराब या किसी अन्य नशे के प्रभाव में गाड़ी चला रहा था। इसके लिए चालक का मेडिकल और ब्लड-अल्कोहल टेस्ट कराया जा रहा है, साथ ही कोस्टल रोड पर लगे हाई-टेक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# पटना-रांची जनशताब्दी के इंजन से लटका मिला महिला का कटा सिर



- ✔ हत्या के बाद छिपाया गया था

**संवाददाता**

बोकारोः पटना से रांची जा रही जनशताब्दी एक्सप्रेस के इंजन के आगे कैटल गार्ड के पास करीब 50 वर्षीय महिला का कटा हुआ सिर मिलने से बोकारो रेलवे स्टेशन पर सनसनी फैल गई। प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर ट्रेन रुकने के बाद चालक ने वॉकी-टॉकी से कंट्रोल रूम में इसकी सूचना दी।नए स्थान तलाशें

रेलवे कंट्रोल को मिली सूचना के बाद बोकारो जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त जांच कर इंजन के अगले हिस्से से लगभग 50 वर्षीय महिला का कटा सिर बरामद किया। शव का यह हिस्सा काफी हद तक गल चुका था, जिससे तेज दुर्गंध फैल रही थी। जानकारी के अनुसार, ट्रेन के पटना से खुलने के बाद गोमो स्टेशन पहुंचने पर प्लेटफॉर्म पर दुर्गंध महसूस हुई। प्रारंभिक जांच में दुर्गंध के स्रोत का पता नहीं चल सका। उस समय आशंका जताई गई कि संभवतः कोई चूहा या अन्य जीव इंजन में फंस गया होगा। इसके बाद ट्रेन को आगे रवाना कर दिया गया। हालांकि चंद्रपुरा पहुंचते-पहुचते बदबू और तेज हो गई।

# हाइवा की टक्कर से मजदूर की मौत, मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम

**संवाददाता**

**रामगढ़ः** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत बोंगानार फोरलेन सड़क पर बीती रात सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर सवार मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दी। लगभग छह घंटे तक चले जाम के कारण एनएच-33 पर आवागमन प्रभावित रहा और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

हाइवा की टक्कर से सड़क पर गिरा मजदूर : प्राप्त जानकारी के अनुसार, छोटकी पोना निवासी ट्रैक्टर चालक अनिल महतो अपने गांव के ही गंगाजल महतो के साथ नया मोड़ स्थित एक खटाल से गोबर लोड कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे हाइवा ने ट्रैक्टर के रिम में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ट्रैक्टर सवार गंगाजल महतो सड़क पर गिर पड़े और हाइवा के पहिए की चपेट में आ गए, जिससे



उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने की सड़क जाम : घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर डाड़ी उपप्रमुख सुमन देवी के नेतृत्व में सड़क जाम कर दी। सड़क जाम होने से एनएच-33 पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

पुलिस के प्रयास से देर रात 10 बजे आवागमन बहाल : घटना की जानकारी मिलते ही कुजू पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने ग्रामीणों से बातचीत कर सड़क के एक छोर से जाम हटवाया, जिसके बाद आवागमन सुचारू कराने की प्रक्रिया शुरू हुई। लगभग छह घंटे तक चले जाम के कारण प्रशासन को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। अंततः प्रशासन के प्रयास से रात करीब 10 बजे सड़क पर आवागमन बहाल कराया गया। इस दुर्घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं, सड़क जाम के कारण लंबे समय तक यातायात प्रभावित रहने से राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

## शराब पीने के दौरान हुए विवाद के बाद ससुर ने कुल्हाड़ी से मारकर की दामाद की हत्या

पलामू : छतरपुर थाना क्षेत्र के भिखही गांव में शराब पीने के बाद हुए विवाद में ससुर ने अपने दामाद की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद दामाद का शव मकई के खेत से बरामद किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई।



मृतक की पहचान 40 वर्षीय गांधी भुइयां के रूप में हुई है। वहीं, हत्या का आरोपी उसका ससुर जगदेव भुइयां बताया जा रहा है। घटना की पुष्टि छतरपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार ने की है।

थाना प्रभारी सौरभ कुमार के अनुसार, बीती रात गांधी भुइयां और उसके ससुर जगदेव भुइयां एक साथ शराब पीने गए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान जगदेव भुइयां ने कुल्हाड़ी से गांधी भुइयां पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई।

इसके बाद गांधी भुइयां का शव मकई के खेत में छिपा दिया। घटना की सूचना मिलने पर छतरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए।

पुलिस हत्या के कारणों और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। वहीं, आरोपी जगदेव भुइयां के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

**महिला ने डेढ़ माह पहले अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के नई मुहल्ला बेलवाटिका में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के नावागढ़ निवासी राजकुमार साव की बेटी रश्मि कुमारी (21 वर्षीय) के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, रश्मि ने 5 अगस्त को विशाल कुमार के साथ प्रेम विवाह किया था। अंतरजातीय प्रेम विवाह करने के बाद रश्मि अपने पति के साथ नई मुहल्ला बेलवाटिका में रह रही थी। विशाल कुमार रोटरी स्कूल के पास मोमोज बेचने का काम करता था।

परिजनों के अनुसार, रश्मि ने शनिवार रात किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद शहर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

अंतरजातीय विवाह के करीब डेढ़ महीने बाद हुई महिला की मौत ने कई सवाल खड़े किए हैं। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि महिला ने किन परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाया और घटना के पीछे क्या वजह रही। पुलिस इस बिंदु सहित अन्य पहलुओं पर जांच कर रही है।

# छात्रों की पिटाई के बाद दो पक्षों में तनाव, मौके पर भारी पुलिस बल तैनात



**संवाददाता**

**गिरिडीह :** जिले के देवरी थाना क्षेत्र के जमडीहा गांव में दो पक्षों के बीच विवाद के बाद हुई मारपीट में दो छात्र घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलते ही देवरी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़ी अप्रिय घटना होते-होते टल गई। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को जमडीहा गांव निवासी चंदन कुमार साव (18 वर्ष) और चंदन कुमार वर्मा (17 वर्ष) कोचिंग सेंटर से पढ़ाई कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों छात्रों के साथ मारपीट की घटना हुई, जिसमें दोनों घायल हो गए। घटना की जानकारी गांव में फैलते ही दोनों पक्षों के लोगों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुटने लगे।

घायल छात्रों को अस्पताल में कराया गया भर्तीः घटना की सूचना मिलते ही देवरी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों घायल छात्रों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देवरी ले गई, जहां दोनों का इलाज किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और स्थिति को नियंत्रित किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी सूचना दी गई।

घटना की सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अमरेंद्र कुमार, पुलिस निरीक्षक रोहित महतो, देवरी थाना प्रभारी श्वेता कुमारी, राजधनवार थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार, हीरोडीह थाना प्रभारी महेश चंद्र, गावां थाना प्रभारी जय प्रकाश कुमार, जमुआ थाना प्रभारी विभूति देव, घोड़थंभा ओपी प्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल सहित देवरी थाना के एसआई रिशु सिन्हा, उपेंद्र यादव और एएसआई राधेश्याम चौधरी मौके पर पहुंचे। इसके बाद जिला से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। देखते ही देखते गांव में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई।

एसडीपीओ ने दी जानकारीः एसडीपीओ अमरेंद्र कुमार ने बताया कि जमडीहा गांव में दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। गांव में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना से जुड़े चिन्हित व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। साथ ही मारपीट में इस्तेमाल किए गए चाकू, पंजा और लाठी भी बरामद किए गए हैं। घायल छात्रों की ओर से देवरी थाना में लिखित शिकायत दिए जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना के बाद पुलिस द्वारा लगातार गांव में गश्त की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों के लोगों से शांति बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। पुलिस की सक्रियता के कारण स्थिति को समय रहते संभाल लिया गया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### देर रात सड़कों पर उतरे एसपी, कई इलाकों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**बोकारो :** बोकारो एसपी नाथू सिंह मीणा देर रात सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने सड़कों पर उतरे। इस दौरान उन्होंने शहर के सेक्टर 4 थाना, चीरा चास और चास थाना क्षेत्र का निरीक्षण किया और रात्रि गश्ती की जांच की।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने गश्ती दल और रक्षक राइडर्स को संवेदनशील इलाकों, आवासीय क्षेत्रों, सुनसान जगहों और पूर्व में चोरी की घटनाओं से प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने पुलिसकर्मियों से संदिग्ध लोगों और वाहनों पर नजर रखने और जरूरत पड़ने पर उनकी जांच करने के निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा पुलिस की जिम्मेदारी है। अपराध रोकने के लिए नियमित रूप से गश्त और निगरानी जरूरी है। एसपी ने पुलिसकर्मियों को लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी भी दी। गौरतलब है कि हाल ही में एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कई थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों का तबादला किया था।

### लेवी वसूली के लिए हथियार लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार, रिवॉल्वर व कारतूस बरामद



खूंटीः रनिया थाना पुलिस ने लेवी वसूली के लिए हथियार लेकर घूमने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 19 सितंबर 2026 को पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि एक युवक मोटरसाइकिल से कोटांगेर से गरई रोड की ओर हथियार लेकर जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, तोरपा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी रिवॉल्वर, दो जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान करीब 21 वर्षीय बजेन्द्र महतो, ग्राम निधिया, थाना जरियागढ़, जिला खूंटी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, बरामद मोबाइल फोन में जंगी एप्लीकेशन डाउनलोड मिला है। पुलिस का दावा है कि इस एप्लीकेशन का इस्तेमाल ढछत्रक्ष संगठन के सदस्यों द्वारा किया जाता है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस का अनुसंधान जारी है। मामले को लेकर रनिया थाना कांड संख्या 32/26, दिनांक 19 सितंबर 2026 दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)(ओ), 26/35 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

### करम पूर्व संध्या, 30 खोड़ाहा दलों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**कैरो (लोहरदगा):** प्रखंड क्षेत्र के कैरो जतरा टांड़ में शनिवार को प्रखंड स्तरीय करमा पूर्व संध्या सह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समिति के तत्वावधान में हुआ। समारोह का उद्घाटन झारखंड सरकार के आदिवासी मामले के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, लोहरदगा विधायक डॉ। रामेश्वर उरांव और अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम से पहले जतरा टांड़ स्थित निमार्णाधीन शक्ति खूंटा के समीप पाहन, पुजार और महतो ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद प्रखंड क्षेत्र से पहुंचे 30 खोड़हा दलों ने बारी-बारी से अपनी कला और संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति दी। ढोल-मांदर की थाप पर पूरा जतरा टांड़ झूम उठा। पारंपरिक तरीके से पर्व मनाने पर जोरः कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से बैच पहनाकर, अंगवस्त्र भेंटकर और बुके देकर पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि आदिवासी प्रकृति के पुजारी होते हैं। करमा पर्व के अवसर पर बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र और अच्छी फसल की कामना के लिए व्रत रखकर पूजा-अर्चना करती हैं। झारखंड में करमा आदिवासी समाज का दूसरा सबसे बड़ा पर्व है, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में हमारी सभ्यता और संस्कृति खतरे में है। समाज भी दूसरों की देखा-देखी और नकल करते हुए डीजे आदि का इस्तेमाल कर आधुनिक गीतों पर नाचता-गाता है। जबकि अपनी पुरानी परंपराओं का पालन करते हुए ढोल-मांदर की थाप पर उत्सव मनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हर हाल में अपनी संस्कृति और परंपरा को बचाने के साथ शिक्षा को बढ़ावा देना और नशापान से दूर रहना होगा, तभी समाज विकास कर सकता है। संस्कृति के संरक्षण से आगे बढ़ेगा समाजः लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि करमा पूजा आदिवासी समाज का लोकप्रिय उत्सव है। सभी को अपने रीति-रिवाज, कला और संस्कृति को संरक्षित करना चाहिए। इससे समाज और देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प अखड़ा निर्माण कराने तथा पर्व-त्योहार के अवसर पर ढोल-मांदर समेत अन्य वाद्य यंत्र उपलब्ध कराने का है। बच्चों को किया गया सम्मानितः कार्यक्रम में वक्ताओं ने करमा-धरमा भाइयों की कथा, करमा पर्व के इतिहास और आदिवासी सभ्यता पर विस्तार से प्रकाश डाला। आयोजन समिति की ओर से समाज के बच्चों को आगे बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया। मैट्रिक, इंटर आदि परीक्षाओं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं तथा विभिन्न खेलों और क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सुखदेव उरांव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, डॉ। राकेश कुमार, मुखिया बीरेंद्र महली, उप मुखिया रवि प्रजापति, थाना प्रभारी कुंदन कुमार रवानी, प्रवीण साहू, आयोजन समिति के अध्यक्ष विकास उरांव, सचिव जागेश्वर उरांव, कोषाध्यक्ष जगबंधन भगत, मुख्य संरक्षक बुधवा उरांव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार के तीनों विभागों का किया गया आवंटन



**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सरकार ने दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार के पास रहे तीन महत्वपूर्ण विभागों का नया आवंटन कर दिया है। अब नगर विकास एवं आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के साथ साथ पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संभालेंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने 18 सितंबर 2026 को अधिसूचना जारी की है।

इससे पहले ये तीनों विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार के जिम्मे थे। 6 सितंबर 2026 को मंत्री पद पर रहते हुए सुदिव्य कुमार के आकस्मिक निधन के बाद ये विभाग मंत्री स्तर पर रिक्त हो गए थे। सुदिव्य कुमार गिरिडीह सदर से विधायक थे और हेमंत सोरेन सरकार में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के साथ नगर विकास एवं आवास, पर्यटन, कला-संस्कृति तथा खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग संभाल रहे थे।

विभागों का यह आवंटन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 166(3) के तहत बनाए गए झारखंड कार्यपालिका नियमावली, 2000 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि संविधान के अनुच्छेद 166(3) से मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए कार्यपालिका नियमावली-2000 के नियम 6(1) के तहत विभागों का आवंटन किया जा रहा है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि पहले की अधिसूचनाओं के माध्यम से दूसरे मंत्रियों को आवंटित विभागों का कामकाज पहले की तरह जारी रहेगा। नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

बता दें कि 15 अगस्त 2025 को तत्कालीन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन का मंत्री पद पर रहते हुए निधन हुआ था। उनके निधन के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपी गई थी।

## एमएमडीआर संशोधन के खिलाफ झामुमो चार प्रखंडों में धरना प्रदर्शन



**संवाददाता**

**मुरी :** शनिवार को सिल्ली बिधायक अमित महतो ने खान - खनिज (बिकास और विनिमय) संशोधन विधेयक अधिनियम 2026 के खिलाफ विरोध दर्ज किया और सिल्ली प्रखंड के सामने बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रखंड के बीडीओ के माध्यम से सौंपा गया। जिसमें उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ,झारखंड सरकार के साथ सौतेला व्यवहार कर रही हैं। संशोधन अधिनियम झारखंड के खनिज सम्पदा के हित और अधिकार से झारखंड के जन जीवन को प्रभावित करेगा। इसका असर हेमन्त सोरेन सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं पर पड़ सकता है। केन्द्र सरकार के दमन कारी नीति के विरोध के लिए हेमन्त सोरेन सरकार का साथ देना है। जिप सदस्या लक्ष्मी देवी ने भी एम एम डीआर संशोधन विधेयक अधिनियम के खिलाफ जम कर बोली।

केन्द्र और राज्य सरकार के बीच विवाद का कारण है कि केन्द्र सरकार संशोधन को क्षेत्रिय स्थिरता और एक समान वितीय व्यवस्था के हित में देखती हैं वही जेएम एम इसे आर्थिक एवं संवैधानिक हित के विरूध जोड कर देख रही हैं। खनिज और सम्पदा से किसी बदलाव का असर उन समुदाययों को पड़ेगा, जिनका सीधे जल, जंगल और जमीन अस्तित्व जुड़ा है। इस धरना प्रदर्शन में जय झारखंड, जय जय झारखंड, हेमन्त सोरेन जिन्दाबाद, के नारे गुंजे।धरना प्रदर्शन में वरिष्ठ कार्यकर्ता अखिल महतो, सुयोग साहु,मो नौसाद ,सच्चिदानन्द बेदिया ,फागु बेदिया, चैती देवी, सावना देवी, रेखा देवी, मंजीत साहु, रवि मुंडा समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### करम महोत्सव झारखंडी भाव और भावना का एकत्रित मंच : सुदेश महतो



**मुरी :** स्टेडियम परिसर सिल्ली में शनिवार को विधानसभा स्तरीय करम महोत्सव (आखड़ाय करम) मनाया गया। इस दौरान आस्था एवं संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस महोत्सव में आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो, मांडू के विधायक तिवारी महतो, गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो, गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस मौके सुदेश महतो ने कहा कि करम महोत्सव का आयोजन ऐतिहसिक मिलन समारोह की तरह हुआ है यहां समृद्ध झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक का दर्शन कर सकते हैं। हमारा संवंध प्राकृतिक, हमारा संवंध लोग और गीत के साथ है जिसकी पाटकथा देखने को मिलती है, समाजिक रुप से संगठित होकर सांस्कृति को मजबूत करने का अवसर है।

## काम करने बेंगलुरु गए गुमला के मजदूर की मौत



**संवाददाता**

**गुमला :** बेंगलुरु में मजदूरी करने गए गुमला निवासी घनश्याम लोहार की इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को करीब एक लाख रुपए का बिल थमा दिया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के सामने एक ओर अपने सदस्य को खोने का गम था, तो वहीं, उनके सामने घनश्याम के शव को बेंगलुरु से गुमला लाने की चिंता खड़ी हो गई। ऐसे मुश्किल समय में सिमडेगा विधायक के प्रतिनिधि सह गुमला नगर परिषद के वार्ड आयुक्त मनीष कुमार साहू ने पहल कर परिवार की मदद की।

अस्पताल प्रबंधन से बात कर माफ कराया बिलः मामले की जानकारी मिलने के बाद मनीष कुमार साहू ने अस्पताल प्रबंधन से संपर्क किया। उन्होंने घनश्याम के परिजनों की आर्थिक स्थिति से अस्पताल प्रबंधन को अवगत कराया और बिल माफ करने का आग्रह किया। उनकी पहल के बाद अस्पताल प्रबंधन ने करीब एक लाख रुपए का बिल माफ कर दिया। इससे आर्थिक रूप से परेशान परिवार को बड़ी राहत मिली।

एयर एंबुलेंस के जरिए बेंगलुरु से रांची लाया गया शवः अस्पताल का बिल माफ होने के बाद घनश्याम के शव को एयर एंबुलेंस के माध्यम से बेंगलुरु से रांची लाने की व्यवस्था की गई। शव रांची पहुंचने के बाद उसे गुमला लाया गया। इसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। घनश्याम की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। संकट की घड़ी में मदद के लिए जताया आभारः वहीं, मृतक घनश्याम के परिजनों ने मनीष कुमार साहू के प्रति आभार जताया। परिजनों ने कहा कि जरूरतमंद और गरीब लोगों की मदद के लिए मनीष कुमार साहू हमेशा आगे आते रहे हैं। संकट की घड़ी में वे आर्थिक सहयोग भी करते हैं। इस मुश्किल समय में उन्होंने परिवार की मदद कर बड़ी राहत पहुंचाई।

इधर, मनीष कुमार साहू ने कहा कि घनश्याम की मौत और अस्पताल द्वारा करीब एक लाख रुपए का बिल दिए जाने की जानकारी मिलते ही उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से बात की। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की स्थिति को देखते हुए परिजनों की मदद का प्रयास किया गया, जिसके बाद अस्पताल का बिल माफ कराया जा सका।

## सिमडेगा से लापता नाबालिग रांची में बरामद, ट्रेन से बाहर ले जाने की तैयारी में था आरोपी



**संवाददाता**

**रांची :** सिमडेगा से लापता 13 साल के नाबालिग को रांची के नामकुम स्टेशन के पास से बरामद किया गया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी नाबालिग को सिमडेगा से बस के जरिए रांची लाया था और उसे ट्रेन के माध्यम से कहीं और ले जाने की तैयारी में था।

मामले में पुलिस ने पोक्सो एक्ट समेत बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नाबालिग की मामी ने 16 सितंबर की शाम सिमडेगा थाना में उसके लापता होने की सूचना दी थी।

नामकुम रेलवे स्टेशन के पास से बरामद हुई बालिकाः नाबालिग के लापता होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर उसकी तलाश शुरू की। इसी क्रम में पुलिस ने उसे रांची के नामकुम रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया।पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान नाबालिग ने घटना से संबंधित जानकारी दी।

धार्मिक कार्यक्रम से लौटते समय आरोपी पर घर ले जाने का आरोपः पुलिस के अनुसार, नाबालिग ने बताया कि 14 सितंबर को वह स्कूल से कड़ामुखा में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में गई थी। कार्यक्रम से लौटते समय आरोपी अभिनाष बरजो उसे अपने घर ले गया। आरोप है कि वहां उसके साथ यौन अपराध किया गया। साथ ही किसी को इसकी जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

बस से रांची लाया, ट्रेन से कहीं और ले जाने की थी तैयारीः पुलिस के अनुसार, 16 सितंबर को आरोपी नाबालिग को बस के जरिए रांची लेकर आया। इसके बाद नामकुम रेलवे स्टेशन से ट्रेन के जरिए उसे कहीं और ले जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग को बरामद कर लिया।

बीएनएस और पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकीः मामले में सिमडेगा थाना में बीएनएस और पोक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी अभिनाष बरजो, पिता अमरजीत बरजो, निवासी कल्हटोली बघचंडी, थाना कोलेबिरा को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को 19 सितंबर को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, मामले में शामिल अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड के सरकारी गवाह पर जानलेवा हमला, मिसफायर से बची जान

**संवाददाता**

रांचीः चर्चित जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड के सरकारी गवाह मुनव्वर अफाक पर रविवार सुबह कांटाटोली चौक के समीप बेखौफ अपराधियों ने जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। बाइक पर सवार तीन अपराधी अचानक मुनव्वर के पास पहुंचे और उन पर पिस्टल तान दी। आरोपियों में एक ने हेलमेट पहन रखा था, दूसरा गमछे से अपना चेहरा छिपाए हुए था, जबकि तीसरे का चेहरा साफ दिखाई दे रहा था। हालांकि, ऐन वक्त पर पिस्टल मिसफायर हो गई, जिससे मुनव्वर अफाक की जान बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया। घटना को अंजाम देने में असफल रहने के बाद तीनों अपराधी बाइक से तेजी से नामकुम की दिशा में फरार हो गए।




**एलेक्स और कटला का नाम आया सामने :** घटना के बाद मुनव्वर अफाक ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि कांटाटोली चौक पर घात लगाकर बैठे अपराधियों ने उन पर हमला किया। उन्होंने दावा किया कि हमलावरों में एलेक्स और विशाल उर्फ कटला नाम के दो कुख्यात अपराधी शामिल थे। जबकि तीसरे साथी की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। शुरूआती जानकारियों के मुताबिक, हमलावरों का कनेक्शन प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ से जुड़े होने की बात सामने आ रही है।

**जेल में बंद कुजूर बंधुओं पर साजिश का आरोप :** मुनव्वर ने इस हमले के पीछे कमल भूषण हत्याकांड में सजा काट रहे डब्ल्यू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे होने की आशंका जतायी है। उन्होंने बताया कि अदालत में सरकारी गवाह बनने के बाद से ही जान से मारने की धमकियां दी गयी थी। कहा कि कमल भूषण के बेटे को भले ही नहीं मारेंगे, लेकिन तुमको जरूर मारेंगे।

**पुलिस महकमे में हड़कंप, इलाके की नाकेबंदी :** वारदात की सूचना मिलते ही लोअर बाजार थाना प्रभारी लव कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गये। अपराधियों के भागने की दिशा में नाकेबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के बयान के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

**फैसले से बौखलाये हैं आरोपी :** गौरतलब है कि 22 सितंबर 2025 को अदालत ने कमल भूषण हत्याकांड में राहुल कुजूर, डब्ल्यू कुजूर और काविस अदनान को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी थी, जबकि सरकारी गवाह बनने पर मुनव्वर अफाक को बरी कर दिया गया था। मामले के अन्य आरोपी छोटू कुजूर सहित कुछ लोग अब भी जेल में बंद हैं।

**30 मई 2022 को हुई थी कमल भूषण की हत्या :** 30 मई 2022 को गैलेक्सिया मॉल के पास कमल भूषण की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जमीन कारोबार में पैसों के लेन-देन और पारिवारिक रंजिश के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया था। बाद में कमल भूषण के आर्थिक मामलों की देखभाल करने वाले उनके अकाउंटेंट संजय कुमार की भी पैसों के विवाद में हत्या कर दी गयी थी।

# रांची विवि में कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने की पहल, बनेगा वार्षिक कैलेंडर

**संवाददाता**

रांचीः रांची विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की कला, संस्कृति और रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए कई नई पहल प्रस्तावित की गई हैं। बेसिक साइंस कैंपस, मोरहाबादी स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बोर्ड ऑफ स्टूडेंट आर्ट एंड कल्चर की पहली बैठक कुलपति प्रो सरोज शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विद्यार्थी क्लबों, स्टार्ट-अप, प्रशिक्षण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में डीएसडब्ल्यू प्रो सुदेश साहू, कुलसचिव डॉ राजकुमार शर्मा, निदेशक एस्टेट एंड फैसिलिटीज मैनेजमेंट विकास कुमार, वित्त पदाधिकारी डॉ दिलीप प्रसाद और पीआरओ डॉ स्मृति सिंह उपस्थित थे। एडवाइजरी सदस्य के रूप में संगीत नाटक अकादमी अवार्डी डॉ अजय कुमार मलकानी तथा रंगकर्मी और संत जेवियर कॉलेज के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ कमल बोस शामिल हुए। बैठक का संचालन निदेशक, स्टूडेंट आर्ट एंड कल्चर, डॉ आनंद कुमार ठाकुर ने किया। उन्होंने वर्ष 2026-27 के सांस्कृतिक कैलेंडर और प्रस्तावित बजट का प्रेजेंटेशन दिया।



कुलपति प्रो सरोज शर्मा ने कहा कि झारखंड कला और संस्कृति का जीवंत केंद्र है। रांची विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रयास करेगा।

बैठक में विश्वविद्यालय के लिए वार्षिक कला एवं संस्कृति कैलेंडर तैयार करने का प्रस्ताव रखा गया। इसमें कार्यशालाएं, सांस्कृतिक महोत्सव, साहित्यिक कार्यक्रम, संगीत, नाटक, ललित कला, कला एवं शिल्प, रेडियो एवं मीडिया गतिविधियां, क्विज और वाद-विवाद सहित अन्य कार्यक्रम शामिल होंगे। कैलेंडर में स्वामी विवेकानंद दिवस (युवा विचार) को शामिल करने का सुझाव भी दिया गया।

विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के लिए विभिन्न आर्ट एंड कल्चर क्लब गठित करने का प्रस्ताव रखा गया। प्रत्येक क्लब में शिक्षक समन्वयक और विद्यार्थी प्रतिनिधि होंगे तथा क्लब अपना वार्षिक कार्यक्रम तैयार करेंगे। इनके माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतिभा प्रदर्शन, प्रशिक्षण और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

बैठक में आर्ट एंड कल्चर स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन की दिशा में पहल करने पर भी चर्चा हुई। इसके तहत विद्यार्थियों, कलाकारों और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल प्लेटफॉर्म, बाजार से जुड़ने, प्रदर्शनी, कौशल विकास और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। इसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने की योजना है।

# रांची सदर अस्पताल की नेत्र सेवाएं होंगी हाईटेक 2.50 करोड़ से लगेंगे आधुनिक जांच उपकरण

**संवाददाता**

रांची : रांची सदर अस्पताल के नेत्र विभाग को आधुनिक बनाने की तैयारी है। झारखंड सरकार ने अस्पताल में आंखों से जुड़ी जांच और इलाज की सुविधाओं को बेहतर करने के लिए 2.50 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए यह स्वीकृति दी गई है। योजना के तहत अस्पताल में आंखों की गंभीर बीमारियों की जांच और निगरानी के लिए आधुनिक मशीनें और नई तकनीक उपलब्ध कराई जाएंगी।

योजना के तहत मरीजों के लिए समग्र नेत्र ओपीडी शुरू करने की व्यवस्था होगी। इसमें मरीजों का पंजीकरण, आंखों की जांच और डॉक्टर से परामर्श की सुविधा मिलेगी।




मोतियाबिंद और ग्लूकोमा की जांच के लिए टोनोमेट्री, पैकीमेट्री, ओसीटी और ऑटोमेटेड विजुअल फील्ड टेस्टिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे आंखों की बीमारियों की पहचान और उनकी निगरानी अधिक बेहतर तरीके से हो सकेगी।

रेटिना और मधुमेह के कारण आंखों पर पड़ने वाले प्रभाव की जांच के लिए डिजिटल फंडस इमेजिंग और ओसीटी की सुविधा भी विकसित की जाएगी। इससे मधुमेह से होने वाली आंखों की बीमारी यानी डायबिटिक रेटिनोपैथी की जांच में मदद मिलेगी।

सरकार का उद्देश्य सदर अस्पताल के नेत्र विभाग को आधुनिक जांच केंद्र के रूप में विकसित करना है। इससे मरीजों को आंखों से जुड़ी कई जरूरी जांच के लिए दूसरे अस्पतालों में जाने की जरूरत कम होगी।

योजना के तहत काम की निगरानी के लिए अधिकारियों की ओर से नियमित स्थल निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार कर रिकॉर्ड में रखी जाएगी। योजना को लागू करने से पहले आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति भी ली गई है।

# आर्थिक तंगी बनी आरयू की गेस्ट फैकल्टी की मौत का कारण, मानव अधिकार संगठन ने की जांच की मांग

## 23 माह से बकाया है मानदेय

**रांची :** मारवाड़ी कॉलेज के हिंदी विभाग में गेस्ट फैकल्टी रही मुन्नी कुमारी की इलाज के दौरान मौत मामले में मानव अधिकार संगठन ने जांच की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव विनय चंद्र ने मामले को लेकर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के समक्ष कार्रवाई की मांग की है।

संगठन का दावा है कि मुन्नी कुमारी का करीब 23 महीने का मानदेय बकाया था। उस दौरान वह इलाज के लिए हैदराबाद में थीं। संगठन के अनुसार, आर्थिक परेशानी के बीच इलाज का खर्च उठाना भी उनके लिए मुश्किल था।

मानदेय में देरी की जांच की मांगः मानव अधिकार संगठन ने कहा है कि मामले की पूरी जांच होनी चाहिए। इसमें यह देखा जाए कि मानदेय के भुगतान में देरी क्यों हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार था। संगठन ने कहा है कि अगर जांच में किसी अधिकारी की लापरवाही या किसी दंडनीय कृत्य की पुष्टि होती है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए। तीन गेस्ट फैकल्टी की मौत का दावाः एनएचआरसीसीबी के अनुसार, अब तक तीन अतिथि शिक्षकों की मौत लंबित मानदेय के बीच हो चुकी है। संगठन ने यह भी दावा किया कि राज्य सरकार ने 7 अगस्त 2026 को जरूरी राशि हाईकोर्ट में जमा कर दी थी, लेकिन संबंधित शिक्षकों को भुगतान की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। शुरूआत में 124 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। संगठन के अनुसार, फिलहाल 96 शिक्षक जीवित हैं और उनके सामने भी आर्थिक परेशानी बनी हुई है।

परिजनों को बकाया राशि देने की मांगः मानव अधिकार संगठन ने मुन्नी कुमारी के 23 महीने के बकाया मानदेय और अन्य वैध राशि उनके परिजनों को जल्द देने की मांग की है। साथ ही बाकी अतिथि शिक्षकों के लंबित मानदेय का भी तत्काल भुगतान करने को कहा है। विनय चंद्र ने कहा कि मानदेय भुगतान में हुई देरी की पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जांच के बाद जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जाए और प्रभावित परिवार को उसका वैध अधिकार दिलाया जाए।

संगठन के अनुसार, यह सिर्फ एक शिक्षिका की मौत का नहीं, बल्कि राज्य के अतिथि शिक्षकों के आर्थिक संकट और उनके अधिकारों से भी जुड़ा मामला है।

## रिम्स में पड़े 43 लावारिस शवों का जुमार नदी तट पर हुआ सामूहिक अंतिम संस्कार



**मेट्रो रेज**

रांचीः राजधानी रांची में मानवता की मिसाल पेश करते हुए मुक्ति संस्था की ओर से रिम्स में पड़े 43 लावारिस शवों का रविवार को जुमार नदी तट पर पूरे विधि-विधान के साथ सामूहिक अंतिम संस्कार किया गया।

मुक्ति संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने शवों को मुखाग्नि दी। इस दौरान संस्था के कई सदस्य मौजूद रहे और पूरे धार्मिक रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई।

लावारिस शवों के अंतिम संस्कार की यह पहल उन लोगों को सम्मानजनक विदाई देने का प्रयास है, जिनका दुनिया में कोई अपना अंतिम समय में साथ देने वाला नहीं था। संस्था की ओर से लगातार ऐसे शवों का अंतिम संस्कार किया जाता रहा है।

# पिस्का मोड़ में गौ तस्करी के शक में पिकअप वैन में लगाई आग, कई हिरासत मे

**मेट्रो रेज**

**रांची :** राजधानी रांची के पिस्का मोड़ में रविवार तड़के गौ तस्करी के संदेह में लोगों ने एक पिकअप वैन में आग लगा दी। घटना सुबह करीब 4:30 बजे की बतायी जा रही है। सूचना मिलते ही सुखदेव नगर थाना और पंडरा ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया है और सभी से पूछताछ कर रही है। आग की सूचना पर दमकल की टीम भी पहुंची और वैन में लगी आग पर काबू पाया। घटना के बाद इलाके में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा।



# मालगाड़ी की चपेट में आकर कीमैन की मौत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** राजधानी रांची में लोहरदगा रेल लाइन पर रविवार को एक हादसा सामने आया है। ड्यूटी के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से रेलवे के एक कीमैन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 59 वर्षीय राम अवधेश लाल के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से रेलवे कर्मचारियों और मृतक के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है।

**कीमैन के पद पर तैनात थे राम अवधेशः** मिली जानकारी के अनुसार, राम अवधेश लाल भारतीय रेलवे में कीमैन के पद पर कार्यरत थे। वे रविवार को लोहरदगा-रांची रेल खंड पर पटरी और चाबियों की नियमित जांच कर रहे थे। इसी दौरान अचानक आई एक मालगाड़ी की चपेट में वे आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कटकर घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, वे अपनी सेवा के अंतिम पड़ाव पर थे और अगले वर्ष ही सेवानिवृत्त होने वाले थे।



जीआरपी और डोरंडा थाना पुलिस पहुंची मौके परः घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय डोरंडा थाना पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभाला और परिजनों को ढांढस बंधाया। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

# पेट्रोल पंपों पर 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर सिर्फ 5 रुपये एमडीआर

**रांची/मेट्रो रेज :** पेट्रोल पंपों पर यूपीआई के जरिए ईंधन खरीदने वाले ग्राहकों के लिए भुगतान पहले की तरह मुफ्त रहेगा। 2,000 रुपये तक के ईंधन भुगतान पर कोई एमडीआर नहीं लगेगा, जबकि 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर पेट्रोल पंप संचालकों को केवल 5 रुपये का तय एमडीआर देना होगा। बिल की राशि कितनी भी हो, यह शुल्क 5 रुपये ही रहेगा। यानी 2,500, 5,000 या 10,000 रुपये के ईंधन भुगतान पर भी एमडीआर सिर्फ 5 रुपये होगा। ग्राहकों को केवल खरीदे गए ईंधन की कीमत का भुगतान करना होगा और उनसे एमडीआर नहीं लिया जाएगा। पेट्रोल पंप संचालकों के लिए यह विशेष और रियायती व्यवस्था की गई है, ताकि वे कम और तय लागत पर यूपीआई भुगतान स्वीकार करना जारी रख सकें।

## टाटा ट्रस्ट्स ने एसपी ग्रुप के लिए 25 हजार करोड़ के समाधान का रखा प्रस्ताव

**मेट्रो रेज**

रांचीः टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल एन। टाटा ने टाटा संस की बोर्ड बैठक में एसपी ग्रुप की टाटा संस में हिस्सेदारी के एक हिस्से के मौद्रीकरण के जरिए 25 हजार करोड़ रुपये तक की राशि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव के अनुसार, यह प्रक्रिया 18 महीने में दो चरणों में पूरी की जा सकती है और इसके लिए एनसीएलटी के माध्यम से चुनिंदा पूंजी में कमी का रास्ता अपनाया जा सकता है। नोएल एन। टाटा ने धन जुटाने के लिए आंतरिक नकदी प्रवाह, सूचीबद्ध शेयरों की बिक्री और नए कारोबारों में निवेशक लाने जैसे विकल्प सुझाए।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–सफीउल्लाह अंसारी,
उम्र–26 वर्ष,
उँचाई–5 फीट 2 ईंच,
रंग–सॉवला,
पहनावा–सफेद रंग का फुल शर्ट एवं नीला रंग का जींस पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति सफीउल्लाह अंसारी, उम्र–26 वर्ष, पिता–महबुल अंसारी, ग्राम–साहेर, पोस्ट–पिस्का नगड़ी, थाना–नगड़ी, जिला–राँची जो दिनांक–12.09.2026 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में नगड़ी थाना सनहा सं0–18/2026, दिनांक–15.09.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, मु0, द्वितीय, राँची। –9431706142
थाना प्रभारी, नगड़ी, राँची। –9431706176
आवेदक महबुल अंसारी। –6201360516

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 390181 Police(26-27)#D

# 25 तक बारिश के आसार, 23 के बाद 3-4 डिग्री गिरेगा पारा

**संवाददाता**

रांची : झारखंड के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक गरज के साथ बारिश की बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 23 सितंबर तक राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं 24 और 25 सितंबर को राज्य के लगभग सभी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बन रहा मौसमी सिस्टम झारखंड के मौसम को प्रभावित करेगा। 21 सितंबर को यह डिप्रेशन और 22 सितंबर को डीप डिप्रेशन में बदल सकता है। 23 सितंबर की सुबह इसके दक्षिण ओडिशा और उत्तरी आंध्र प्रदेश के तट के पास पहुंचने की संभावना है।



20 सितंबर से बढ़ेगी बारिशः 20 सितंबर को झारखंड के ज्यादातर हिस्सों में आसमान में बादल छाए रहेंगे। कुछ जगहों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की बौछारें पड़ सकती हैं। 21 से 23 सितंबर के बीच राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान मेघ गर्जन भी हो सकता है। वहीं 24 और 25 सितंबर को बारिश का असर और बढ़ सकता है। राज्य के लगभग सभी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात होने की संभावना है।

**23 सितंबर के बाद गिरेगा तापमान**

: अगले चार दिनों तक अधिकतम तापमान में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद दो दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है।

**रांची में भी बदलेगा मौसमः**

रांची में 20 सितंबर को आसमान में बादल छाए रहने और एक-दो बार हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। यहां अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। 21 सितंबर की बात करें तो यहां बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

वहीं 22 सितंबर को दो या उससे ज्यादा बार हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

23 सितंबर को रांची में मध्यम बारिश की संभावना है। इस दिन अधिकतम तापमान गिरकर 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। न्यूनतम तापमान 22 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। 24 और 25 सितंबर को भी रांची में दो या उससे ज्यादा बार हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।


**कार्यालय**
**असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची**

**e-Tender No. 4620 Date 19-9-2026**
**अति अल्पकालीन ई– निविदा**

रॉची जिले के लिए सदर अस्पताल,रॉची एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के लिए NQAS, Kayakalp & Others Programmer हेतु दवा का किट/सामग्री का किट/जॉच का किट एवं अन्य आइटमों का किट का कय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्राधिकृत प्रतिष्ठान एवं फर्म से दिनांक **30.9.2026 के अपराह्न 5.00 बजे** तक ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर दिनांक 21.9.2026 से देखा जा सकता है। आदेशित संस्थानों (DH, SDH, CHC, PHC & AAM/HSC) में सात दिनों में आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।ई–निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्वि पत्र **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,रॉची।

PR.NO.390171 Health Med Edu and Family Welfare(26-27):D



## घर बैठे-बैठे भी बैंक की सुविधाओं का फायदा उठा सकती हैं आप

**कुछ काम को करना हमें पहाड़ पर चढ़ने के बराबर लगता है। जैसे बैंक जाना। कई बार हमें बैंक से अकेले पैसे निकालकर लाने पर चोरी का भी डर सताता है। साथ ही बैंक जाने के लिए कुछ घंटों को समय निकालना भी मुश्किल हो जाता है। हालांकि जरूरी नहीं है कि बैंक से जुड़े हर काम के लिए आपको वही जाना पड़े। आप घर बैठे-बैठे भी बैंक की सुविधाओं का फायदा उठा सकती हैं। जी हां, ऐसा सच में होता है और इस आर्टिकल में हम आपको इसी विषय के बारे में बताने वाले हैं। डोर स्टेप सर्विस का मतलब है ऐसी सुविधाएं जो आपको बैंक द्वारा घर बैठे-बैठे मिल जाती हैं। अलग-अलग बैंक की तरफ से अलग डोर स्टेप सर्विस दी जाती है जिसमें बहुत सारे विकल्प शामिल होते हैं।**

### एसबीआई बैंक देता है ये सुविधाएं

अगर आपका खाता भारतीय स्टेट बैंक में है तो आप घर बैठे-बैठे ढेर सारी सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। अगर एक साथ ढेर सारे पैसे को बैंक से घर या घर से बैंक लेकर जाना चाहते हैं तो एसबीआई की टीम आपकी मदद करेगी। इसके अलावा ड्राफ्ट्स को घर तक पहुंचाने, लाइफ सर्टिफिकेट घर से लेने और केवाईसी अकाउंट लेने जैसी ढेर सारी सुविधाओं के लिए आप एसबीआई की डोर स्टेफ सर्विस का फायदा उठा सकते हैं।

### बैंक ऑफ इंडिया देता है ये सुविधाएं

एसबीआई के साथ-साथ बैंक ऑफ इंडिया भी आपको ढेर सारी डोर स्टेप सर्विस देता है। इसमें कैश जमा करना और निकालना, अकाउंट स्टेटमेंट, गिफ्ट कार्ड, चेक बुक और ढेर सारी सुविधाएं शामिल हैं। सर्विस लेने के लिए बैंक की किसी भी ब्रांच के फी नंबर पर कॉल कर सकते हैं।

### कौन ले सकता है ये सर्विस

डोर स्टेप सर्विस मिलने के पीछे कुछ शर्ते होती हैं जो हर बैंक की अलग हो सकती हैं। जैसे कुछ बैंक सिर्फ 70 साल से अधिक उम्र के लोगों को यह सुविधा देते हैं। वहीं कुछ बैंक बिमार धारकों को भी डोर स्टेप सर्विस लेने की अनुमति देते हैं।




## आपकी बचत को बढ़ाता है एसआईपी में निवेश

**अगर आप अपने पैसों को इन्वेस्ट करने की सोच रहे हैं तो आप एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड्स में निवेश कर सकते हैं। ज्यादातर लोग एफडी में निवेश करते हैं जिससे उन्हें उस पर रिटर्न मिलता है लेकिन एसआईपी में आपको रिटर्न पर भी रिटर्न मिलता है। अगर आप इसका लाभ पाना चाहते हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप कैसे इसका फायदा उठा सकते हैं और इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।**

एसआईपी यानी सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान में निवेश की शुरुआत करने के लिए आपको केवाईसी को कंप्लीट करना होता है। इसके बाद आपको जिस भी म्यूचुअल फंड में निवेश करना है आप उसमें अपनी जानकारी को भर दें और फिर सारे डॉक्यूमेंट्स को सबमिट कर दें। इसके बाद वेरिफिकेशन होता है जिसमें आपको अपने डॉक्यूमेंट को वेरीफाई करवाना होता है। जब आपका वेरिफिकेशन का प्रोसेस खत्म हो जाएगा तो आपको जिस भी म्यूचुअल फंड में निवेश करना है वह आप सिलेक्ट कर सकते हैं। जब आप नया अकाउंट रजिस्टर कर देते हैं तो आपको एक फॉर्म भरना होता है और अपने बैंक से संबंधित जानकारी को भी भरना होता है। इसके बाद जब आपका रजिस्ट्रेशन प्रोसेस पूरा हो जाएगा तो आप निवेश करना शुरू कर सकते हैं।

### एसआईपी के फायदे

एसआईपी से कोई भी व्यक्ति अगर नियमित रूप से म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहता है तो वह कर सकता है। इसमें कम पैसों में भी




निवेश किया जा सकता है। आपको बता दें कि इसमें निवेश किए गए पैसों को कम या ज्यादा अपने अनुसार कर सकते हैं। आपको बता दें कि इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करने का यह एक बहुत अच्छा ऑप्शन माना जाता है क्योंकि इसमें लाभ की संभावना अधिक होती है। एसआईपी में निवेश किए गए पैसों पर इनकम टैक्स में छूट भी मिल सकती है। इसमें आप हर साल एक लाख की राशि पर छूट पा सकते हैं।

एसआईपी से आप बहुत ही कम पैसों में शेयर बाजार में भाग ले सकते हैं। यह निवेश का ऐसा तरीका है जो आपकी बचत को बढ़ाता है। इन सभी कारणों की वजह से यह एक बचत करने का बेहतर ऑप्शन हो सकता है। आप अपनी सुविधा के अनुसार एसआईपी में निवेश की अवधि को मासिक, तिमाही का ऑप्शन भी चुन सकते हैं। अगर आप आने वाले समय में बैंक अकाउंट में खूब सारे पैसे कम समय में पाना चाहते हैं तो यह ऑप्शन आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है।

## महिलाएं यहां कर सकती हैं निवेश

**जहां एक तरफ सरकार ने बजट में लोगों की आय दर को बढ़ाने के प्लान पेश किए हैं, वहीं दूसरी ओर बचत पर भी सरकार की पैनी निगाहें रहीं। खासतौर पर महिलाओं के लिए सरकार ने एक नई निवेश योजना पेश की है और यह महिलाओं के लिए निवेश का तो अच्छा जरिया बन सकती हैं साथ ही इस योजना में ब्याज भी अच्छा मिलेगा।**

### महिला सम्मान बचत पत्र योजना

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए इस बार सरकार महिला सम्मान बचत पत्र योजना लेकर आई है। बैंक और पोस्ट ऑफिस के सेविंग अकाउंट के साथ-साथ इस योजना के तहत भी महिलाएं बचत कर सकती हैं। इस योजना के तहत महिलाएं अपने या अपनी बेटी के नाम पर पैसों की बचत कर सकती हैं और अच्छे ब्याज का फायदा उठा सकती हैं। आप इस निवेश योजना में 2 वर्ष तक के लिए 2 लाख रुपये तक जमा कर सकती हैं और उसके बाद आपको 7.5% की दर से ब्याज सहित धनराशि प्राप्त होगी। बेस्ट बात तो यह है कि इस योजना का लाभ किसी भी उम्र की महिलाएं उठा सकती हैं। इस योजना में महिलाओं को आंशिक निकासी की सुविधा प्राप्त होगी। यानि अवधि के पूरा होने से पूर्व ही आप इस योजना के तहत निवेश की गई धनराशि को निकाल सकती हैं।

### एनबीएफसी

एनबीएफसी का मतलब है गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां। बैंकों में बचत करने से अब कोई विशेष लाभ आपको बेशक न मिल मगर आप गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में पैसा निवेश कर सकती हैं।

यदि आप एनबीएफसी में पैसा निवेश करना चाहती हैं तो जान लें कि यहां जोखिम का भी खतरा हो सकता है। हालांकि, कंपनी अच्छा बिजनेस कर रही है तो आपको मुनाफा भी तगड़ा होगा मगर आपको पहले यह जान लेना होगा कि कौन सी कंपनी सही है और कौन सी फेक है। अगर अच्छी एनबीएफसी कंपनियों की बात की जाए तो अरविंद जी कुछ नाम बता हैं। वह कहते हैं, बजाज फाइनेंस लिमिटेड, मुथूट फाइनेंस लिमिटेड, आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड, आईएफसीआई लिमिटेड आदि कुछ अच्छी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां हैं, जहां पैसा निवेश करने पर आपको अच्छा मुनाफा हो सकता है।





## कपल्स के लिए बहुत खास होती है पहली मुलाकात

**जब भी कपल्स एक-दूसरे से मिलने के बारे में सोचते हैं, तो सबसे पहले जेहन में ये बात जरूर आती है कि आखिर पहली मुलाकात में हम बात क्या करेंगे? यही सवाल हमें परेशान करता रहता है और वैसे भी पहली-पहली मुलाकात तो बहुत खास होती है, जो हमेशा याद रहती है।**

लेकिन इस मुलाकात में हम एक-दूसरे से बात ही न कर पाएं या यूं कहें कि उस समय क्या बात करें? ये समझ ही न आए तो क्या करें? क्योंकि हमने आमतौर पर देखा है कि हमारे मन में बातें तो ढेरों रहती हैं, लेकिन पहली मुलाकात पर वे बातें जुबान पर आ ही नहीं पातीं और हम शांत बैठे रह जाते हैं। और यहां-वहां देखकर बस यही सोचते रह जाते हैं कि बातें करें तो क्या?

आखिर क्या बातें फर्स्ट मीटिंग में करें? कैसे बातों से एक-दूसरे को समझने में आसानी हो सकती है? ऐसी कौन सी बातें हैं, जो आपके पार्टनर को बोर नहीं होने देंगी? आइए जानते हैं।

जब भी किसी के साथ पहली मुलाकात के लिए जाएं तो बातों की शुरुआत आप उनके प्रोफेशन से कर सकते हैं, क्योंकि अधिकतर लोगों को इसमें इंट्रेस्ट जरूर आता है। चाहे प्रोफेशन के बारे में गॉसिप अच्छी हो या बुरी, इस बारे में बात करना लोग काफी पसंद करते हैं। पार्टनर के फेवरेट एक्टर या एक्ट्रेस के बारे में आप पूछ सकते हैं या अभी रिसेंट उन्होंने कौन सी मूवी देखी है? इस बारे में भी आप बात कर सकते हैं। तारीफ किसको पसंद नहीं आती? जनाब तो कॉम्लीमेंट करना बिलकुल भी न भूलें। उन्हें नोटिस करें और उनकी तारीफ कीजिए। आप उनके ड्रेसिंग सेंस की तारीफ कर सकते हैं। दोस्तों के बारे में बात करें, क्योंकि लड़का हो या लड़की- सभी को अपने दोस्तों के बारे में बात करना पसंद आता है। तो आप पूछ सकते हैं कि आपके फ्रेंड्स कैसे हैं? किस फ्रेंड्स से अपनी बातें शेयर करते हैं? इस तरह की बातें आपकी मुलाकात को और इंट्रेस्टिंग बनाएंगी। वीकेंड के बारे में पूछें कि उनके इस वीकेंड क्या प्लान हैं? यदि कोई प्लान नहीं हैं, तो आप प्लान कर सकते हैं जिससे कि एक-दूसरे को अच्छे से समझने के लिए और समय मिल सके। अगर बातें बोरिंग हो रही हैं तो आप हंसी-मजाक कर सकते हैं कि उनके साथ ऐसा वाकया कब हुआ, जब उनकी हंसी रुक ही नहीं रही थी। ऐसी कोई फनी बात, जो आपके साथ हुई हो तो वह बात भी आप उनसे शेयर कर सकते हैं।



## सेकंड हैंड सामान खरीदते समय कुछ बातों पर खास ध्यान दें

**अगर आप पैसे बचाने के लिए सेकंड हैंड सामान खरीदने का मन बना रही हैं तो ऐसे में आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स को जरूर फॉलो करना चाहिए। इससे आपको बाद में पछताना नहीं पड़ेगा।**

हर इंसान अपनी जरूरतों व इच्छाओं के अनुसार शॉपिंग करना चाहता है। लेकिन हर किसी के पास इतने पैसे नहीं होते हैं कि वे अपनी मनपसंद हर आइटम को खरीद सके। ऐसी सिचुएशन में अधिकतर लोग सेकंड हैंड सामान खरीदने का मन बनाते हैं। इससे उन्हें बेहद कम सामान में अपनी पसंद व जरूरत का सामान मिल जाता है। लेकिन कभी-कभी पैसे बचाने के चक्कर में जब हम सेकंड हैंड सामान खरीदते हैं तो उसकी क्वालिटी उतनी अच्छी नहीं होती है। जिससे हमारे सारे पैसे यूं ही बर्बाद हो जाते हैं। आपके साथ ऐसा ना हो, इसलिए यह जरूरी है कि आप सेकंड हैंड सामान खरीदते समय कुछ छोटी-छोटी बातों पर खास ध्यान दें।

### लें जरूरी सामान

कई बार ऐसा होता है कि जब हम सेकंड हैंड सामान खरीदते हैं तो शॉप पर हमें कई चीजें पसंद आ जाती हैं और हम उन सभी चीजों को खरीद लेते हैं। ऐसा करके आप पैसे बचा नहीं रही हैं, बल्कि अतिरिक्त पैसे खर्च कर रही हैं। इसलिए, हमेशा अपने दिमाग में यह रखें कि आपको क्या लेना है और किस तरह का लेना है। मसलन, अगर आपको अपने घर के लिए एक सेकंड हैंड सोफा चाहिए तो वह कैसा होना चाहिए। सोफा कम बेड या फिर एल शेप्ड सोफा या फिर फाइव सीटर। इस तरह जब आप अपने माइंड में क्लीयर पिक्चर रखती हैं तो सही सामान खरीदना काफी आसान हो जाता है।

### चेक करें क्वालिटी

सेकंड हैंड सामान में क्वालिटी की गड़बड़ी होने की संभावना काफी हद तक रहती है। इसलिए, कोशिश करें कि आप जिस भी सामान को खरीद (खरीदें सेकेंड हैंड स्कूटी) रही हैं, उसकी क्वालिटी कैसी है। इसके लिए जब आप शॉप पर जाती है तो उस आइटम को देखकर आपको काफी हद तक समझ में आ जाता है। हालांकि, अगर आपको यह समझ में नहीं आ रहा है तो उसका टेस्ट लिया जा सकता है। मसलन, अगर आप सेकंड हैंड कार खरीद रही हैं तो पहले उसे एक टेस्ट ड्राइव पर ले जाएं। साथ ही, उसे खरीदने से पहले एक बार मैकेनिक से भी उसे चेक जरूर करवाएं।

### जानें रिटर्न पॉलिसी

अमूमन जब भी हम सेकंड हैंड आइटम खरीदते हैं तो दुकानदार आपको कुछ वक्त के लिए रिटर्न पॉलिसी अवश्य देता है। मसलन, अगर आप सामान खरीदती (ऑनलाइन चीजें खरीदें) हैं और घर ले जाने के बाद वह आपकी उम्मीद के अनुसार नहीं है तो आप एक लिमिटेड टाइम में उसे रिटर्न कर सकती हैं। अक्सर यह समय 15 दिन या एक महीने का होता है। इसके बारे में पूछना बेहद जरूरी है।

### जरूर लें रिसिप्ट

सेकंड हैंड सामान खरीदते समय फ्रॉड होने की संभावना काफी अधिक रहती है। आपको किसी तरह का नुकसान न हो, इसलिए यह जरूर ध्यान रखें कि आप जब भी कोई सेकंड हैंड सामान खरीदें तो उसकी रिसिप्ट जरूर लें। इससे अगर आपको किसी तरह की परेशानी आती है तो आप आसानी से सामान को रिटर्न, रिपेयर या फिर चेंज करवा सकती हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## खेलो झारखंड जिला स्तरीय प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न



**साहिबगंज :** झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के निदेश के आलोक में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता एथलेटिक्स बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का समापन सिद्धो कान्हू स्टेडियम साहेबगंज में किया गया। जिसमें समापन के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक सुश्री उर्मिला हांसदा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित की प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के लिए अहर्ता हासिल किया।

बालिका खो खो : विजेता कस्तूरबा बोरियो ,उपविजेता उत्क्रमित उच्च विद्यालय इस्लामपुर, बरहरवा,बालक खो खो विजेता कोदरजन्ना उच्च विद्यालय साहिबगंज और उपविजेता उत्क्रमित उच्च विद्यालय इस्लामपुर, बरहरवा बालिका कबड्डी विजेता कस्तूरबा राजमहल ,उपविजेता नगरपालिका साहिबगंज ,बालक कबड्डी विजेता डी सी एस एम ओ ई,तालझारी,उपविजेता उच्च विद्यालय विशनपुर पतना ने बाजी मारी है।

एथलेटिक्स बालक विजेता साहेबगंज प्रखंड 100 मी.परमा हांसदा,200 मी. आयुष कुमार 400 मी. कृष्णा कुमार,1500 मी.-पिंटू कुम्हार 3000 मी.,800 मी. अमित कुमार लंबी कूद संतोष मुर्मू ऊंची कूद अश्विन नागद्वार ,शॉटपुट सन्नी कुमार,डिसकस सानू कुमार,जेवलिन पृथ्वी राज मंडल 4 गुणा 100 मीटर साहिबगंज प्रखंड संतोष मुर्मू परमा हांसदा,आयुष कुमार ,कृष्णा कुमार । जबकि बालिका वर्ग एथलेटिक्स तालझारी प्रखंड 100 मी. रोशनी कुमारी,200 मी. सरस्वती कुमारी,400 मी. सुमित्रा कुमारी,800 मी.-1500 मी.खुशी मंडल 3000 मी.पलक प्रिया,लंबी कूद रोशनी ऊंची कूद,अनन्या कुमारी जेवलिन बेबी कुमारी शॉटपुट ईसा कुमारी,डिसकस लक्खी कुमारी 100 मीटर हर्डल्स लक्ष्मी कुमारी,4x00 मीटर रिले तालझारी प्रखंड में हुआ।इस अवसर पर ए.पी.ओ शबनम तबस्सुम कोच योगेश यादव विभिन्न विद्यालयों के शारीरिक शिक्षक,शिक्षिका समेत प्रखंड के कोच व मैनेजर शिक्षक व शिक्षेतर कर्मी उपस्थित थे।

## रांगा थाना पुलिस ने 30 घंटे में चोरी का ट्रैक्टर गोड्डा के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से किया बरामद



**साहिबगंज/पतना :** रांगा थाना क्षेत्र के कुँवरपुर से 18 सितंबर की रात्रि लगभग 3 बजे पतना चौक निवासी सोनू ठाकुर की लाल रंग की ट्रेक्टर चोरी हो गई जिसके बाद घटना की जानकारी रांगा थाना पुलिस को दी पुलिस ने मामले पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जाँच पड़ताल और छापेमारी अभियान में जुट गई।

पुलिस ने झारखंड बंगाल सीमावर्ती क्षेत्रों में गहन पड़ताल : साहिबगंज पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खांडेलवाल ने पुलिस टीम का गठन किया।जिसमें रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार,कोटालपोखर थाना प्रभारी पवन कुमार ,रांगा थाना एएसआई सत्यवान कुम्भकार सहित दल बल के साथ विभिन्न क्षेत्रों जैसे कोटालपोखर,बंगाल के फरक्का सहित पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा,हिरणपुर मालपहाड़ी व अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में छापेमारी की,साथ ही विभिन्न स्थानों से लगभग दो दर्जन सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए जानकरी हासिल करने का प्रयास किया कि ट्रैक्टर किस दिशा से लेकर अज्ञात चोर फरार हुए है। साथ ही मामले की जानकारी गोड्डा जिला के पुलिस को भी दी गई।

मामले को लेकर गोड्डा पुलिस भी छापेमारी और छानबीन में जुट गई पुलिस की दबिश और ततपरता से मिली सफलता : गोड्डा जिला पुलिस व साहिबगंज पुलिस की लगातार छापेमारी और दबिश के कारण अज्ञात चोर ट्रैक्टर को लेकर से बाहर नहीं निकल पाए जानकारी के अनुसार चोर गोड्डा जिला के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए जिसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को लावारिश अवस्था में बरामद कर लिया।रांगा थाना पुलिस ने ट्रैक्टर को बरामद कर थाना ले आयी है और घटना में शामिल चोरों की तलाश और गिरफ्तारी के लिए छानबीन में जुट गई है।

## मर्चेंट चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने आकाश पांडे गणेश तिवारी और महेंद्र पोद्दार सम्मानित

**साहिबगंज :** साहिबगंज मर्चेंट चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से शनिवार को शहर के एक विवाह भवन सभागार में नागरिक अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमे नवनिर्वाचित संताल परगना क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आकाश पांडे,नॉन ऑफिशियल डायरेक्टर एआईसीआईएल बोर्ड गणेश तिवारी,नॉन ऑफिशियल डायरेक्टर एएल आईएम सीओ बोर्ड महेंद्र पोद्दार को अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया।वही अध्यक्ष नवीन भगत ने कहा कि जिला सहित संताल परगना के व्यापारियों के हित का कार्य करे,जो भी परेशानी है उसको राज्य स्तर पर उठाए।जिला में कल कारखाना लगाने का कार्य करे। उद्योग व्यापार समाज सेवा सशक्त साहिबगंज,सशक्त व्यापार समृद्ध समाज विकसित साहिबगंज बनेगा। डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि पूर्व में साहिबगंज सरसों तेल का दर निर्धारित करता था,वैसा व्यापार हब पुनः जिला में स्थापित हो। डॉ विजय ने कहा कि साहिबगंज व्यवसाई का हब था ।यहां गोला हुआ करता था। यहां लगभग तीन तेल फैक्ट्री थी।यहां फ्लावर मिल था जहां आटा मैदा सूजी का उत्पादन होता था।साहिबगंज का इतिहास पुनः वापस आएगा।साहिबगंज के किसानों ओर जरूरतमंद को अंग प्रत्यारोपण करने में मदद करे।साहिबगंज में पर्यटन की अपार संभावना है,यहां प्राकृतिक आध्यात्मिक सांस्कृतिक धार्मिक धरोहर है।वही गणेश तिवारी ने कहा कि जिला सहित प्रदेश के किसानों को बीमा दिलाने ओर समस्याओं को केंद्र तक पहुंचाए है।पहली बैठक में किसानों के उनसर्वे वाले खेती जमीन का मामला उठाए है।वही महेंद्र पोद्दार ने कहा कि संताल परागण सहित प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद को अंग प्रत्यारोपण में मदद करेंगे। कार्यक्रम में चेतन भरतीया,सज्जन पोद्दार,सुनील भरतीया,डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी,प्राचार्य डॉ रंजीत सिंह सहित अन्य ने अपना वक्तव्य दिया।

# सही रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना व सर्पदंश से होने वाली अनावश्यक मौतों की रोकथाम करना है : सिविल सर्जन

### सर्पदंश से बचाव समय पर उपचार व जनजागरूकता पर दिया गया जोर



संवाददाता

**साहिबगंज :** अंतरराष्ट्रीय सर्पदंश जागरूकता दिवस के अवसर पर शनिवार को सिविल सर्जन कार्यालय, साहिबगंज के सभागार में सर्पदंश की रोकथाम एवं नियंत्रण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ0 रामदेव पासवान ने की।कार्यक्रम में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों सिविल सर्जन कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों तथा सभी प्रखंडों के प्रखंड डाटा प्रबंधकों सहित अन्य संबंधित कर्मियों ने भाग लिया। सर्पदंश से बचाव एवं रोकथाम के संदेश को आमजनों तक पहुंचाने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।प्रशिक्षण के दौरान सर्पदंश की पहचान तत्काल प्राथमिक उपाय मरीज को समय पर स्वास्थ्य संस्थान पहुंचाने उपचार प्रक्रिया समुदाय में जागरूकता तथा सर्पदंश से होने वाली मृत्यु की रोकथाम में स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, सर्पदंश की स्थिति में क्या करें और क्या न करें। इसके संबंध में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।कार्यक्रम में वन विभाग के सर्प मित्र श्री जितेंद्र हजारी को विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न विषैले एवं गैर-विषैले सांपों को सुरक्षित रूप से प्रशिक्षण स्थल पर लाकर प्रतिभागियों को उनकी पहचान विशेषताओं प्रकृति एवं व्यवहार के संबंध में प्रत्यक्ष जानकारी दी। इस दौरान सांपों के बीच अंतर और आवश्यक सावधानियों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया।

प्रशिक्षण सत्र में डॉ. रंजन कुमार चिकित्सा पदाधिकारी-सह-प्रभारी, तालझारी डॉ. मुकेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल तथा डॉ. अमित कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा प्रशिक्षक के रूप में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने सर्पदंश के मामलों में आवश्यक चिकित्सा सहायता, उपचार प्रक्रिया एवं समय पर रेफरल के संबंध में जानकारी साझा की। सिविल सर्जन ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को सर्पदंश से संबंधित आवश्यक एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना समुदाय में जागरूकता बढ़ाना मामलों की समय पर एवं सही रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना तथा सर्पदंश से होने वाली अनावश्यक मौतों की रोकथाम करना है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने एवं सर्पदंश के प्रत्येक मामले की उचित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक जिला डाटा प्रबंधक-आईडीएसपी ,जिला डाटा प्रबंधक जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के समन्वयक सहित सिविल सर्जन कार्यालय के संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी तथा सभी प्रखंडों के प्रखंड डाटा प्रबंधक उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर प्रखंड स्तर पर भी चलाया गया जागरूकता अभियान अंतरराष्ट्रीय सर्पदंश जागरूकता दिवस के अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों के स्वास्थ्य संस्थानों में सर्पदंश जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से स्वास्थ्यकर्मियों ने आमजनों को सर्पदंश से बचाव, तत्काल चिकित्सा सहायता लेने तथा झाड़-फूंक एवं अन्य अंधविश्वासों से बचने के प्रति जागरूक किया।स्वास्थ्य विभाग ने आमजनों से अपील की कि सर्पदंश की स्थिति में घबराएं नहीं, झाड़-फूंक में समय न गंवाएं व मरीज को बिना विलंब निकटतम स्वास्थ्य संस्थान पहुंचाकर उचित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराएं। सामूहिक प्रयासों से सर्पदंश से होने वाली गंभीर जटिलताओं व मृत्यु की रोकथाम सुनिश्चित की जा सकती है।

## एमएमडीआर संशोधन के विरोध में झामुमो ने दिया धरना



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** खान और खनिज विकास एवं विनियमन संशोधन विधेयक 2026 के विरोध में शनिवार को बरहरवा प्रखंड मुख्यालय परिसर में झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो की ओर से धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए संशोधन विधेयक को वापस लेने की मांग की।झामुमो की ओर से 19 सितंबर को राज्य के विभिन्न प्रखंड मुख्यालयों पर एमएमडीआर संशोधन के विरोध में धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम घोषित किया गया था। इसी क्रम में बरहरवा में भी पार्टी कार्यकताओं ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया।धरना को संबोधित करते हुए सांसद विजय हांसदा समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है और यहां के खनिज संसाधनों से जुड़े अधिकार एवं हित महत्वपूर्ण हैं। पार्टी नेताओं ने दावा किया कि प्रस्तावित संशोधन के प्रावधानों से राज्य के हित प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से झारखंड के अधिकारों एवं हितों को ध्यान में रखते हुए विधेयक पर पुनर्विचार करने की मांग की।प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर विधेयक के विरोध में आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में पार्टी के प्रखंड एवं नगर स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।धरना-प्रदर्शन समाप्त होने के बाद झामुमो के प्रतिनिधिमंडल ने बरहरवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से एमएमडीआर संशोधन विधेयक को वापस लेने सहित झारखंड के खनिज संसाधनों और राज्य के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को केंद्र सरकार तक पहुंचाने की मांग की गयी।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर, नगर अध्यक्ष धर्मवीर महतो, वरिष्ठ नेता अब्दुल कादिर, शक्ति नाथ अमन, प्रदीप भगत, नीलकंठ साह समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग 133 के संरेखन की संपुष्टि को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा



संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी श्री दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय राजमार्ग 133 मिजाचौकी से महगामा के साहिबगंज जिले के अंतर्गत आने वाले 21.55 किलोमीटर भाग के संरेखन की संपुष्टि से संबंधित बैठक आयोजित की गई।बैठक में संबंधित कार्यों की प्रगति की पीपीटी के माध्यम से विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने परियोजना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की।उपायुक्त ने संबंधित विभागों को परियोजना के क्रियान्वयन में आने वाली संभावित समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त श्री सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, जिला खनन पदाधिकारी श्री कृष्ण कुमार किस्कू, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी श्री अमर जॉन आइन्द, एनएचआई के परियोजना निदेशक श्री अनुराग गुप्ता, जिला विद्युत कार्यपालक अभियंता श्री शंभू नाथ चौधरी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पोषण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता रथ किया गया रवाना



संवाददाता

**साहिबगंज :** पोषण माह 2026 के अवसर पर जिले में कुपोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर साहिबगंज से जागरूकता रथ को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।इस अवसर पर पोषण के महत्व को रेखांकित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार स्वच्छता स्वास्थ्य देखभाल बच्चों की उचित वृद्धि एवं विकास तथा पोषण संबंधी सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रत्येक परिवार तक पोषण का संदेश पहुंचाना तथा समुदाय को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। मौके पर नगर अध्यक्ष रामनाथ पासवान, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा,परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह- प्रभारी पदाधिकारी जिला समाज कल्याण संजय कुमार दास अनुमंडल पदाधिकारी श्री अमर जॉन आइन्द, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## मंडरो प्रखंड के तेतरिया पंचायत भवन में 12 दिवसीय सुअर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



संवाददाता

**साहिबगंज :** मंडरो प्रखंड मे भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज एवं जेएसएलपीएस पलाश के संयुक्त तत्वावधान में मंडरो प्रखंड के तेतरिया पंचायत भवन में 12 दिवसीय सुअर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का उद्घान आरसेटी निदेशक प्रदीप कुमार झा,बैंक ऑफ बड़ौदा कोरीखुटाबाड़ी शाखा के शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार,आजीविका सखी मंडल मंडरो के प्रखंड प्रबंधक ब्रह्मानंद महतो सीसी प्रमोद कुमार,आरसेटी के वरीय संकाय राजहंस कुमार,संकाय उपेंद्र गोप तथा जेएसएलपीएस कलफ की अध्यक्ष शांति किस्कू एवं सबीना मुर्मू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुअर पालन ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार एवं आय के सृजन का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है।वैज्ञानिक एवं आधुनिक तरीके से सुअर पालन करने से ग्रामीण परिवार अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।इस 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आजीविका सखी मंडल,मंडरो की कुल 35 दीदियां भाग ले रही हैं।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सुअर पालन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जाएगी,जिसमें नस्ल का चयन, आवास प्रबंधन,आहार एवं पोषण,स्वास्थ्य एवं टीकाकरण,रोगों की पहचान एवं बचाव,प्रजनन प्रबंधन,स्वच्छता तथा सुअर पालन से जुड़ी उद्यमिता एवं बाजार व्यवस्था आदि शामिल हैं।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सुअर पालन के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ना और उनकी आजीविका को मजबूत करना है।प्रशिक्षण के सफल संचालन के लिए एसबीआई आरसेटी एवं जेएलपीएस पलाश की टीम द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## खान-खनिज संशोधन विधेयक के खिलाफ झामुमो ने दिया धरना

संवाददाता

**साहिबगंज :** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए खान-खनिज संशोधन विधेयक के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड एवं नगर कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने विधेयक के प्रावधानों पर आपत्ति जताते हुए केंद्र सरकार से इस पर पुनर्विचार करने की मांग की।धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि झारखंड खनिज एवं प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है।राज्य के खनिज संसाधनों से जुड़े किसी भी निर्णय में झारखंड के हितों, स्थानीय लोगों के अधिकारों और संसाधनों पर राज्य की भागीदारी को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।नेताओं ने कहा कि विधेयक के प्रावधानों को लेकर झारखंड के हितों पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों पर गंभीरता से विचार किया जाना आवश्यक है।इस दौरान झामुमो कार्यकताओं ने विधेयक के विरोध में नारेबाजी करते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई।धरना स्थल पर पार्टी कार्यकताओं ने एकजुट होकर केंद्र सरकार से विधेयक पर पुनर्विचार की मांग उठाई।कार्यक्रम में झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह,नगर



परिषद अध्यक्ष छोटू पासवान,प्रखंड अध्यक्ष अमरदीप सिंह,नगर अध्यक्ष आदित्य यादव,जिला कोषाध्यक्ष पार्षद साह, अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक,नगर सचिव नुमान अंसारी, सुरेश साह,नियाज अहमद,जहरुल इस्लाम, राके,मनीर,मो.नईम अंसारी,सिद्धि नाथ शर्मा,आफताब आलम,गोपाल यादव,तारीख अनवर, दीपा देवी,प्रिया देवी,सरिता देवी, मजहर खान,सुलेखा देवी,अभिषेक कुमार एवं मुन्ना खान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।धरना-प्रदर्शन के समापन पर झामुमो नेताओं ने केंद्र सरकार से खान-खनिज संशोधन विधेयक पर पुनर्विचार करने तथा झारखंड के हितों एवं स्थानीय लोगों के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

# एशियाई खेल : भारत ने 10 मीटर एयर राइफल महिला टीम स्पर्धा में जीता रजत

**आइची-नागोया ।** इलावेनिल वलारिवन, सोनम मस्कर और विदर्सा के. विनोद की भारतीय तिकड़ी ने रविवार को 2026 एशियाई खेलों में भारत को पहला पदक दिलाया। भारतीय टीम ने 10 मीटर एयर राइफल महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता।आइची प्रीफेक्चरल जनरल शूटिंग गैलरी में भारतीय तिकड़ी ने छह-छह सीरीज के बाद कुल 1898.0 अंक हासिल किए। चीन की जिफेई वांग, जियायु हान और युचेन दू की टीम ने 1904.2 अंकों के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। जापान की हिनाता ताइची, मिसाकी नोबाता और शिओरी हिराता की टीम ने 1897.1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इलावेनिल वलारिवन और सोनम मस्कर ने महिला 10 मीटर एयर राइफल की व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में भी जगह बनाई है, जो रविवार को ही बाद में खेला जाएगा। क्वालीफिकेशन में सोनम 634.1 अंकों के साथ तीसरे और इलावेनिल 633.5 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहीं। चीन की जिफेई वांग ने 636.8 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस पदक के साथ भारत ने इस स्पर्धा में लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों में रजत पदक जीता है। भारत ने 2023 में हांगझोउ एशियाई खेलों में भी इस स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया था।

**10 मीटर एयर राइफल महिला टीम में भारतीय निशानेबाजों का स्कोर**

विदर्सा के. विनोद -630.4 अंक
सोनम मस्कर -634.1 अंक
इलावेनिल वलारिवन - 633.5 अंक



## एशियाई खेल: सुचिका तारियाल ने पदक पक्का किया, एमएमए के सेमीफाइनल में पहुंचीं

**आइची-नागोया।** भारत की सुचिका तारियाल ने रविवार को 2026 एशियाई खेलों में महिला पारंपरिक 60 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर अपना पदक पक्का कर लिया। उन्होंने मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एमएमए) में क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मंगोलिया की अल्तानचिमेग बैगलमा को 2-0 से हराया। 36 वर्षीय सुचिका की इस जीत के साथ कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित हो गया है। अब वह फाइनल में जगह बनाने के लिए सिंगापुर की हुई हून तेओ या ईरान की अरेजू सलीमिगालेहताकी में से किसी एक का सामना करेंगी। मिश्रित मार्शल आर्ट्स इस बार एशियाई खेलों में पदार्पण करने वाली छह खेल विधाओं में शामिल है। इसके अलावा फ्रीस्टाइल बीएमएक्स, टैकबॉल, पैडल, सर्फिंग और वर्चुअल ताइक्वांडो भी पहली बार एशियाई खेलों का हिस्सा हैं।





## 'हीरोइन' नहीं, दमदार अभिनेत्री के रूप में बनाना चाहती हूं पहचान

अभिनेत्री संदीपा धर हाल ही में नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल सीरीज 'चुंबक' में नजर आईं। उन्होंने अपने करियर में कॉमेडी, थ्रिलर, ड्रामा और इमोशनल कहानियों में अलग-अलग तरह के भूमिका निभाने की कोशिश की। संदीपा का मानना है कि एक कलाकार की पहचान तभी मजबूत होती है, जब वह खुद को बार-बार अलग भूमिकाओं में आजमाने से न डरे। आईएएनएस संग बातचीत में उन्होंने कहा कि उनके लिए सिर्फ 'हीरोइन' कहलाना कभी मकसद नहीं रहा। वह चाहती हैं कि लोग उन्हें एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर पहचानें, जो अलग-अलग तरह के किरदार निभाने की काबिलियत रखती है। संदीपा ने कहा, ''मेरा फोकस हमेशा एक एक्टर के तौर पर अपनी पहचान बनाने पर रहा है। मेरे लिए यह ज्यादा जरूरी है कि लोग मेरी एक्टिंग को नोटिस करें और मुझे अलग-अलग किरदार निभाने वाली अभिनेत्री के तौर पर याद रखें। 'हीरोइन' का टैग कोई मंजिल नहीं है, बल्कि एक कलाकार के लिए असली चुनौती अपने काम के जरिए पहचान बनाना है।''

संदीपा ने कहा, ''मैंने फिल्मों के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काम किया है। ओटीटी ने कलाकारों को ऐसा स्टेज दिया है, जहां वह अलग तरह की कहानियों और किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट कर सकते है। पहले जहां कलाकारों की एक खास इमेज बन जाने के बाद उन्हें उसी तरह के रोल ज्यादा मिलने लगते थे, वहीं ओटीटी पर अलग-अलग तरह के किरदारों के जरिए अपनी रेंज दिखाने के ज्यादा मौके मिल रहे हैं।''

अभिनेत्री ने आगे कहा, ''खुशकिस्मती से मैं ओटीटी स्पेस का हिस्सा बनी और मुझे अपनी अलग-अलग खूबियां दिखाने का मौका मिला। दर्शकों ने भी मुझे बहुत प्यार दिया है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि मैं आगे भी अलग-अलग किरदार निभाती रहूंगी और अपनी रेंज दिखाती रहूंगी।'' संदीपा धर की सीरीज 'चुंबक' का प्रीमियर 10 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर हुआ। जेडी मजेठिया और आतिश कपाड़िया की बनाई इस कॉमेडी-ड्रामा सीरीज में उनके साथ नीना गुप्ता, देवेन भोजानी, अर्जुन बिजलानी, हेली शाह, मानसी पारेख, सुमीत व्यास, सुमीत राघवन, अनंत वी. जोशी, अमायरा दस्तूर, डेलनाज ईरानी और अतुल कुमार जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं।



# नयनतारा की 'मूकुथी अम्मन 2' दिवाली पर मचाएगी धमाल

एक्ट्रेस नयनतारा की फिल्म 'मूकुथी अम्मान 2' को लेकर फैंस का इंतजार अब खत्म होने वाला है। डायरेक्टर सुंदर सी. की इस डिवोशनल थ्रिलर फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। मेकर्स ने सोमवार को बताया कि फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर 6 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज डेट के साथ ही फिल्म का रोमांचक टीजर भी जारी किया गया है। प्रोडक्शन हाउस वेल्स फिल्म इंटरनेशनल ने टीजर को 'राइज ऑफ महाशक्ति' नाम दिया है। इसे तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा में जारी किया गया है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए फिल्म की रिलीज डेट की जानकारी दी। इसकी शुरुआत एक रहस्यमयी माहौल से होती है। एक सवार झरने से ढकी एक गुफा में पहुंचता है और अपनी रानी को आने वाले खतरे की खबर देता है। वह बताता है कि दुश्मन सैनिकों को पता चल चुका है कि बच्चा इसी जगह पर है और वे उसे ढूंढने के लिए यहां पहुंचने वाले हैं। इसके बाद कहानी का सबसे अहम हिस्सा सामने आता है। जिस बच्चे को दुश्मन सैनिक तलाश रहे हैं, वह कोई आम बच्चा नहीं बल्कि राजकुमार है। रानी के सामने अपने बच्चे को बचाने की चुनौती है, लेकिन उसके पास कोई रास्ता नहीं बचता। ऐसे में वह मूकुथी अम्मन देवी से मदद मांगती है। अपने बच्चे की जिंदगी बचाने के लिए रानी देवी के सामने अपनी जान तक की कुर्बानी दे देती है।

इसी बीच एक महिला की आवाज सुनाई देती है, जो कहती है कि उसे वह शख्स चाहिए, चाहे जिंदा मिले या मुर्दा। टीजर में एक ऐसे खतरनाक आदमी की झलक भी देखने को मिलती है, जिसके पास दूसरों को राख में बदल देने की ताकत है। इन सीन्स से साफ है कि फिल्म में सिर्फ आस्था और देवी की कहानी नहीं होगी, बल्कि इसमें सुपरनैचुरल ताकत, खतरा और एक बड़ा मिशन भी देखने को मिलेगा। इसके बाद कहानी अचानक आज के समय में पहुंच जाती है। यहां एक्ट्रेस देवी से बचाने की गुहार लगाते हैं। वह कहती है कि लोगों को पहले देवी की अहमियत समझ नहीं आई और अब उन्हें उनकी असली ताकत का एहसास हो गया है। इसके बाद टीजर में देवी के लौटने और बच्चे को बचाने की झलक दिखाई जाती है। पूरे टीजर को देखकर लगता है कि फिल्म की कहानी दो अलग-अलग समय में आगे बढ़ेगी और पुराने दौर की कहानी का कनेक्शन आज के समय से होगा। 'मूकुथी अम्मन 2' की शूटिंग पिछले साल ही पूरी हो चुकी है।



## अपकमिंग सीरीज 'वेटिंग है' में रेलवे कॉन्स्टेबल का रोल निभाने के लिए तैयार हैं दिव्येंदु

फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' से दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद, अभिनेता दिव्येंदु अब अपकमिंग सीरीज 'वेटिंग है' में रेलवे कॉन्स्टेबल का रोल निभाने के लिए तैयार हैं। मेकर्स ने इस स्कैम-बेस्ड कॉमेडी-ड्रामा का ट्रेलर जारी किया है।

'वेटिंग है' सीरीज के ट्रेलर में कन्फर्म रेलवे टिकट पाने के आम संघर्ष पर आधारित कहानी की झलक दिखाई गई है। पटना में सेट इस सीरीज की कहानी सुगम मिश्रा (दिव्येंदु) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे कॉन्स्टेबल के तौर पर अपनी नई नौकरी में जमने की कोशिश कर रहा है। कहानी में मोड़ तब आता है जब वह देखता है कि बुकिंग विंडो खुलने के कुछ ही सेकंड में रेलवे टिकट कन्फर्म हो जाते हैं। सुगम मामले की जांच शुरू करता है और जल्द ही अफरोज हम्सा (भुवन अरोड़ा) का पीछा करने लगता है। अफरोज एक टेक एक्सपर्ट है, जिसने टिकट बुकिंग सिस्टम का तोड़ निकाल लिया है। जो मामला शुरू में आसान लगता है, वह जल्द ही एक बड़े रैकेट में बदल जाता है। सुगम की पत्नी प्रिंसी (हर्षिता गौर) भी उसे मामले की गहराई से जांच करने के लिए कहती है। जैसे-जैसे सुगम सच्चाई के करीब पहुंचता है, अफरोज उससे आगे रहने की कोशिश करता है। परिवार और नौकरी के बीच तालमेल सीरीज के ट्रेलर में सुगम और उनकी पत्नी के बीच संघर्ष भी दिखता है। सुगम अपने परिवार और अपनी नौकरी के बीच तालमेल बिठाते हुए नजर आते हैं। सीरीज में कॉमेडी का डोज भी है।

अपकमिंग सीरीज को लेकर दिव्येंदु ने कहा, 'सुगम की जिस बात ने मुझे आकर्षित किया, वह यह है कि वह कोई आम पुलिस वाला नहीं है जिसे सब कुछ पता हो। वह प्रोफेशनल तौर पर अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहा है और साथ ही अपनी पर्सनल और नई शादीशुदा जिंदगी की सच्चाइयों का भी सामना कर रहा है। यह बैलेंस उसे बहुत रिलेटेबल बनाता है। मुझे उसके इस पहलू को एक्सप्लोर करने में मजा आया।'



## 'शैतान' के बाद फिर से हॉरर फिल्म से जुड़े अजय

अजय देवगन ने एक बार फिर हॉरर की दुनिया में कदम रख दिया है। 'शैतान' की सफलता के बाद उन्होंने पैनोरमा स्टूडियोज के साथ अपनी अगली अनटाइटल्ड हॉरर थ्रिलर की शूटिंग शुरू कर दी है। इसका निर्देशन रोहित जुगराज कर रहे हैं। इसे अजय की कंपनी देवगन फिल्म्स और पैनोरमा स्टूडियोज मिलकर बना रहे हैं। दोनों प्रोडक्शन हाउस इससे पहले 'शैतान' और 'रेड 2' जैसी फिल्मों पर साथ काम कर चुके हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। निर्देशक रोहित हाल ही में 'सरदार जी' फ्रेंचाइज के साथ-साथ सोनी लिव की 'चमक' और नेटफ्लिक्स की 'ये काली काली आंखें' जैसे प्रोजेक्ट्स से भी जुड़े रहे हैं। अलग-अलग जॉनर में काम कर चुके रोहित अब हॉरर और सस्पेंस की दुनिया तैयार करेंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म का माहौल रहस्य, अंजाने डर और सस्पेंस पर आधारित होगा।

### बिजी शेड्यूल के बीच क्राइम शो भी होस्ट कर रहे अजय

दूसरी तरफ अजय ने टीवी पर भी अपना डेब्यू कर लिया है। वह सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के चर्चित क्राइम शो 'क्राइम पेट्रोल: क्राइम का करंट सीजन' को होस्ट कर रहे हैं। अजय ने बताया कि उन्हें शो का सबसे दिलचस्प पहलू इसके वास्तविक अपराध मामलों से प्रेरित होना लगा है।

## 'डोंट बी शाय' को लेकर नर्वस महसूस कर रहीं हैं आलिया

अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी प्रोड्यूस आगामी फिल्म 'डोंट बी शाई' को लेकर सुर्खियों में चल रही हैं। अभिनेत्री ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान बताया कि वह फिल्म के साथ चार नए एक्टर्स और एक डेब्यूटेंट डायरेक्टर को इंट्रोड्यूस करने को लेकर ज्यादा नर्वस हैं। ट्रेलर लॉन्च के दौरान आलिया से पूछा गया था कि क्या उन्हें कभी लगा कि उन्हें भी इस फिल्म में एक्टिंग करनी चाहिए थी, तो इस पर उन्होंने कहा, 'नहीं, मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मुझे इस फिल्म में एक्टिंग करनी चाहिए थी।' आलिया ने फिल्म को लेकर उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट को प्रोड्यूस करने से उन्हें एक अलग तरह की खुशी मिली है, क्योंकि वह शुरू से ही इसकी कहानी और इसकी दुनिया बनाने में शामिल रही हैं। उन्होंने कहा, '14 साल पहले मैंने फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से एक एक्टर के तौर पर अपना डेब्यू किया था और अब इतने सालों बाद मैं चार नए एक्टर्स और एक डेब्यूटेंट डायरेक्टर को इंट्रोड्यूस कर रही हूं और मैं अभी उनसे कहीं ज्यादा नर्वस हूं। क्योंकि, आपके सवाल का जवाब दूं तो, मुझे एक एक्टर होना और कैमरे के सामने रहना पसंद है, लेकिन एक प्रोड्यूसर होने का एक अलग ही तरह का सुकून है।' एक्ट्रेस ने आगे कहा: 'जब फिल्म की निर्देशक श्रीति मुखर्जी हमारे पास इस मूवी बनाने का आइडिया लेकर आईं, तो हमने ही कहा कि चलो इसे साथ में करते हैं और फिर हम इसे अपने प्यारे पार्टनर्स के पास ले गए। यह कहानी मेरे दिल के बहुत करीब है और हर कोई इससे जुड़ पाएगा।'

श्रीति मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म 'डोंट बी शाय' 20 साल की लड़की श्यामिली 'शाइ' दास की कहानी है, जो मानती है कि उसने ज़िंदगी को समझ लिया है, लेकिन वह देखती है कि उसकी सोची-समझी जिंदगी एक अचानक मोड़ ले लेती है, क्योंकि सब कुछ उसके कंट्रोल से बाहर होने लगता है। इसमें आरुषि बजाज, पीयूष खाती, बियांका अरोड़ा और अंश दुग्गल जैसे नए चेहरे मुख्य भूमिकाओं में हैं।



# ईरान की अमेरिका से वार्ता के लिए सात शर्तें, ट्रंप मंगलवार को करेंगे चर्चा



**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने कतर के जरिए अमेरिका को बातचीत शुरू करने के लिए सात शर्तें बताई हैं। ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर वाशिंगटन उसकी मांगें नहीं मानता है तो तेहरान निर्णायक युद्ध के लिए तैयार है। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहसिन रेजाई ने कहा कि कतर ने ईरान की शर्तें वाशिंगटन तक पहुंचा दी हैं। तेहरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाब का इंतजार कर रहा है।

अल जजीरा, शिन्हुआ, गल्फ न्यूज और अरब न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रेजाई ने कहा, ₹हम मध्यस्थ कतर के संपर्क में हैं। कतर ने युद्ध खत्म करने के मकसद से हमारी शर्तें वॉशिंगटन तक पहुंचाई हैं। हम राष्ट्रपति ट्रंप के जवाब का इंतजार कर रहे हैं।₹ रेजाई के मुताबिक शर्तों में सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म करना, ईरान के फ्रीज फंड जारी करना और नौसैनिक नाकेबंदी हटाना शामिल है। रेजाई ने एक्स पर लिखा कि अगर वाशिंगटन खुद बनाई मुश्किल से निकलना चाहता है, तो उसके पास ईरान के अधिकार और शर्तें मानने के अलावा कोई चारा नहीं है। रेजाई ने अमेरिका के एक और हमले की पूरी संभावना जताई और कहा कि पिछले दौर की दो लड़ाई के बाद ईरान की सैन्य योजना बदली है। उनके अनुसार योजना अब खाड़ी से ओमान की खाड़ी और अरब सागर तक फैले अमेरिकी नौसैनिक संसाधनों पर केंद्रित है।

उन्होंने दावा किया कि ईरान ने हाल ही में अमेरिकी जहाज या एयरक्राफ्ट कैरियर के पास मल्टी-वॉरहेड एंटी-शिप मिसाइल का परीक्षण किया। उन्होंने चेतावनी दी कि आगे की प्रतिक्रिया व्यापक हो सकती है, जिसमें क्षेत्र के अमेरिकी ठिकाने, व्यावसायिक हित और स्थानीय कंपनियां भी निशाने पर आ सकती हैं।

पिछले महीने एक समझौता ज्ञापन की समय-सीमा खत्म होने के बाद से कतर और पाकिस्तान बातचीत दोबारा शुरू कराने की कोशिश कर रहे हैं। यह संघर्ष फरवरी के आखिर में अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले के बाद शुरू हुआ था। रेजाई ने कहा कि तेहरान संघर्ष को जितनी जल्दी हो सके खत्म करने की रणनीति पर काम कर रहा है।

इस बीच मोहसिन रेजाई ने शनिवार को एक साक्षात्कार में कहा कि उनका देश अपने दिवंगत सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की ओर से जारी उस धार्मिक आदेश का अभी भी पालन करता है, जिसमें परमाणु हथियार विकसित करने पर रोक लगाई गई है। मोहसिन रेजाई ने कहा, ₹ हम नहीं जानते कि भविष्य में क्या होगा।₹

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह न्यूयॉर्क में खाड़ी सहयोग परिषद के नेताओं से मुलाकात करेंगे। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ईरान चर्चा का प्रमुख विषय रहेगा। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया कि ट्रंप या अमेरिका का कोई अन्य प्रतिनिधि ईरानी अधिकारियों से मुलाकात करेगा या नहीं।

## कालाअंब में बेकाबू ट्राले का तांडव 4 लोगों को कुचला, एक की मौत

**नाहन ।** हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में शनिवार को एक बेकाबू ट्राले ने भारी तांडव मचाया। त्रिलोकपुर की ओर से आए एचआर 58बी-0167 नंबर के ट्राले ने पहले रुचिरा के पास तीन लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। इसके बाद कालाअंब सब्जी मंडी के पास एक मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया, जिससे उस पर सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के दौरान ट्राले ने कई गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार ट्राला इतनी तेज रफ्तार में था कि रास्ते में जो भी आया, उसे चपेट में लेता हुआ आगे बढ़ता गया। इसके बाद चालक ने हिमाचल के प्रवेश द्वार पर लगे बैरियर और बैरिकेड्स तोड़ दिए और हरियाणा की सीमा में प्रवेश कर गया। हरियाणा में प्रवेश करते ही ट्राले ने एक ढाबे को भी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि ढाबे में बैठे लोग इसकी चपेट में आने से बच गए। इसके बाद असगरपुर में भी कई वाहनों को नुकसान पहुंचने की जानकारी सामने आ रही है। इस घटना के बाद हरियाणा पुलिस ने ट्राला चालक को पकड़ लिया है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही कालाअंब पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। हिमाचल पुलिस हरियाणा पुलिस के संपर्क में है और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे में मृतक और घायलों की पहचान तथा उनकी स्थिति को लेकर पुलिस जांच में जुटी है।

## एसआईआर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत 31,63,930 को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत 31,63,930 नोटिस तैयार कर भेजे गए हैं। उल्लेखनीय है कि एसआईआर के बाद मतदाता सूची से कुल 47,56,722 नाम हटाए गए थे, जिनको अब नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इसके लिए दिल्ली चुनाव आयोग विशेष कैंप लगा रहा है। आयोग ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता (एसी-14 शालीमार बाग की मतदाता) को दिए नोटिस को लेकर स्थिति स्पष्ट किया। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान उनका नाम विसंगति / नो-मैपिंग की सूची में पाए जाने के बाद यह नोटिस जारी हुआ था। हालांकि तथ्यों और दस्तावेजों के सत्यापन के बादनिर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) ने उनकी प्रविष्टि को वैध कर दिया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) शालीमारबाग कार्यालय ने आज एक नोट स्पष्ट किया है कि यह एसआईआर के तहत एक सामान्य प्रक्रिया है। जिन मतदाताओं के गणना फॉर्म अंतिम गहन पुनरीक्षण वाली मतदाता सूची से लिंक नहीं हो पाए, उन्हें चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार नोटिस जारी कर दस्तावेज सत्यापन किया जा रहा है। प्रक्रिया के तहत बूथ लेवल अधिकारी द्वारा फील्ड वेरिफिकेशन किया गया। तथ्यों और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ईआरओ ने उनकी प्रविष्टि को वैध कर दिया है। उनका नाम 4 नवंबर 2026 को प्रकाशित होने वाली एसी-14 (शालीमार बाग) की अंतिम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। इस तरह दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके परिवार को नोटिस जारी होने की खबरों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र-40 (नई दिल्ली) ने प्रेस नोट जारी किया है। प्रेस नोट के अनुसार, एसआईआर के दौरान अरविंद केजरीवाल और उनके परिवार के सदस्य, जो एसी-40 नई दिल्ली में मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं, की प्रविष्टियां 'नो मैपिंग' की सूची में पाई गईं। यह पहचान उनके द्वारा जमा किए गए गणना फॉर्म में दिए गए विवरण के आधार पर हुई। प्रेस नोट में कहा गया है कि केजरीवाल और उनके परिवार द्वारा जमा किए गए गणना फॉर्म में वह पूरी जानकारी नहीं थी, जिससे उनका लिंक अंतिम पुनरीक्षण वाली मतदाता सूची से स्थापित हो सके। दिल्ली चुनाव अधिकारी ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि अंतिम पुनरीक्षण वाली मतदाता सूची नाम जुड़वाने के लिए विशेष 20 और 27 को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के सभी मतदान केंद्र स्थानों पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

## नंदीग्राम उपचुनाव : जेल से ही लड़ेंगे कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान



**मेदिनीपुर।** नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव से पहले कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। शुक्रवार को गिरफ्तारी के बाद शनिवार को हल्दिया अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छह अक्टूबर को नंदीग्राम में मतदान होना है। इस बीच कांग्रेस ने कहा है कि उसके उम्मीदवार जेल से ही अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। शनिवार को मिलन प्रधान को हल्दिया अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सोमवार को उन्हें एक अन्य मामले में कांथी अदालत में पेश किया जाएगा। ऐसे में मतदान के समय तक उनके जेल से बाहर आने की संभावना कम मानी जा रही है।

अदालत परिसर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार भी मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले पुलिस का इस्तेमाल कर कांग्रेस उम्मीदवार को गिरफ्तार कराया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी राजनीतिक और कानूनी दोनों स्तरों पर अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि जिन लोगों की हत्या का आरोप मामले में लगाया गया है, उनके परिवार की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मामले में नामजद अन्य लोगों को गिरफ्तार नहीं किया गया। कांग्रेस ने गिरफ्तारी के पीछे राजनीतिक उद्देश्य होने का आरोप लगाया है।

पुलिस के अनुसार, 2007 के नंदीग्राम आंदोलन के दौरान सोनाचूड़ा ग्राम पंचायत के गांगड़ा निवासी मिलन प्रधान के खिलाफ खेजुरी थाने में एक और नंदीग्राम थाने में तीन प्राथमिकी दर्ज हुई थीं। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास और अपहरण सहित कई गैर-जमानती धाराएं शामिल थीं। पुलिस का दावा है कि इन मामलों में अदालत ने पहले ही उनके खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था और वह पिछले 19 वर्षों से फरार थे। चुनाव आयोग के निर्देश के आधार पर उसी वारंट के तहत उन्हें गिरफ्तार किया

मिलन प्रधान के वकील विमल माझी ने आरोप लगाया कि 19 साल पुराने मामले को फिर से सक्रिय कर उनके मुवक्किल को गिरफ्तार किया गया है। उनका कहना है कि पुलिस की निगरानी में ही मिलन ने नंदीग्राम उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया था। ऐसे में उस समय उनकी गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई, यह सवाल है। वहीं, सरकार पक्ष के अधिवक्ता विजय राम ने कहा कि मिलन प्रधान लंबे समय से फरार थे, इसलिए उनकी गिरफ्तारी में देरी हुई।

## एसआई भर्ती परीक्षा : अजमेर समेत 11 जिलों में कड़ी सुरक्षा के बीच 2.18 लाख अभ्यर्थी दे रहे परीक्षा

**जयपुर।** पेपर लीक के कारण रद्द की गई वर्ष 2021 की उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा रविवार को राजस्थान के 11 जिलों में दोबारा आयोजित की जा रही है। परीक्षा को लेकर सुबह से ही केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और सख्त जांच व्यवस्था देखने को मिली। सुबह 8 बजे से अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। अजमेर के सावित्री स्कूल सहित कई केंद्रों पर अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई और प्रतिबंधित सामग्री को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। अजमेर के सावित्री स्कूल केंद्र पर महिला अभ्यर्थियों की चूड़ियां उतरवाकर जांच की गई। वहीं हाथ और गले में बंधे धागे भी उतरवाए गए। कुछ अभ्यर्थियों के चश्मे तक की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। अन्य केंद्रों पर भी अभ्यर्थियों के कपड़ों और सामान की बारीकी से जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया।

राज्य के 11 जिलों में परीक्षा के लिए कुल 666 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें जयपुर में सर्वाधिक 187 केंद्र हैं, जबकि अजमेर और उदयपुर सहित अन्य जिलों में भी बड़ी संख्या में केंद्र बनाए गए हैं।

**परीक्षा में कुल 2 लाख 18 हजार 131 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं।**

परीक्षा दो पारियों में आयोजित होगी। पहली पारी में सामान्य हिंदी का प्रश्नपत्र सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगा। इसके लिए अभ्यर्थियों को सुबह 9 बजे तक केंद्र में प्रवेश दिया गया। दूसरी पारी में सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान की परीक्षा दोपहर 3 बजे से होगी, जिसके लिए दोपहर 1 से 2 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा।

इस बार परीक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। ओएमआर उत्तर-पत्रक में पांचवां विकल्प यानी ह्यअनुत्तरित प्रश्नह्ल भरना अनिवार्य किया गया है।

### दो दिन की देरी से बॉर्डर क्षेत्रों से लौटा मानसून

## दक्षिण-पूर्व में अब भी बारिश का दौर



**जयपुर।** राजस्थान में मानसून की विदाई का सिलसिला शनिवार से शुरू हो गया। सामान्य समय से करीब दो दिन की देरी के बाद मानसून ने बीकानेर के खाजूवाला, फलोदी और जैसलमेर के सीमावर्ती इलाकों से वापसी का चरण शुरू किया। हालांकि दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में अभी भी बादलों की आवाजाही के साथ हल्की बारिश का दौर जारी है।मौसम विभाग ने रविवार को भी प्रदेश के सात जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है।

शनिवार को बारां, उदयपुर, झालावाड़, कोटा, सवाई माधोपुर, सिरोही, बूंदी और चित्तौड़गढ़ में कुछ स्थानों पर बादल छाए रहे और हल्की बारिश हुई। 19 सितंबर को बारां जिले के अटरू में सर्वाधिक 29 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा बारां और झालावाड़ के कुछ हिस्सों में करीब आधा इंच तक पानी बरसा।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पाकिस्तान-राजस्थान सीमा क्षेत्र में प्रतिचक्रवात बनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके प्रभाव से वातावरण में नमी का स्तर तेजी से कम होने लगा है और आसमान साफ होने लगा है।

मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार राजस्थान के कुछ हिस्सों के अलावा पंजाब और गुजरात के कुछ क्षेत्रों में भी मानसून की वापसी के अनुकूल परिस्थितियां बनने लगी हैं।

प्रतिचक्रवात के असर से बारिश की गतिविधियों में कमी आने के साथ दिन के तापमान में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। शनिवार को चित्तौड़गढ़, उदयपुर, जयपुर, भीलवाड़ा, अजमेर, जैसलमेर, कोटा, डूंगरपुर, सिरोही और प्रतापगढ़ समेत कई जिलों में अधिकतम तापमान 1 से 9 डिग्री तक बढ़ गया। प्रदेश में सबसे अधिक दिन का तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस जैसलमेर में मापा गया।

**इस बार राजस्थान में मानसून का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा**

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश सामान्य या सामान्य से कम मापी गई। अब पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों से मानसून की वापसी शुरू होने के साथ धीरे-धीरे प्रदेश के अन्य हिस्सों से भी बारिश का दौर थमने की संभावना है। हालांकि दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में स्थानीय मौसमी परिस्थितियों के कारण अभी कुछ समय तक हल्की बारिश जारी रह सकती है।

### पश्चिम बंगाल में आज तेज हवाओं के साथ बारिश का अनुमान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रविवार को मौसम का मिजाज मिला-जुला रहने का अनुमान है। दक्षिण बंगाल के कई हिस्सों में बादल छाए रहने के साथ गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। उत्तर बंगाल में भी कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। कोलकाता और आसपास के इलाकों में आज सामान्यतः बादल छाए रहने तथा एक-दो दौर की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। कोलकाता-हावड़ा क्षेत्र में न्यूनतम तापमान करीब 26 डिग्री और अधिकतम 35 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। गरज-चमक के साथ 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

दक्षिण बंगाल के पश्चिम बर्धमान, बांकुड़ा, पुरुलिया, पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पूर्व मेदिनीपुर, हुगली, हावड़ा, उत्तर एवं दक्षिण 24 परगना समेत आसपास के जिलों में स्थानीय स्तर पर गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवा की स्थिति बन सकती है।

## भस्म आरती में त्रिशूल-त्रिपुंड और डमरू के साथ सजे बाबा महाकाल, भांग, चंदन और रजत आभूषणों से हुआ विशेष श्रृंगार



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में रविवार तड़के भगवान महाकाल की भस्म आरती विशेष श्रृंगार के साथ संपन्न हुई। सुबह करीब 4 बजे मंदिर के पट खुलने के बाद पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित देवी-देवताओं का पूजन किया। इसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शहद, शक्कर और फलों के रस से तैयार पंचामृत से अभिषेक-पूजन किया गया।

भस्म आरती से पहले भगवान महाकाल का भांग, चंदन और आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया गया। बाबा को त्रिशूल, त्रिपुंड और डमरू से अलंकृत किया गया। प्रथम घंटाल के बाद हरिओम का जल अर्पित किया गया और मंत्रोच्चार के बीच भगवान का ध्यान किया गया। इसके बाद कपूर आरती हुई। कपूर आरती के बाद ज्योतिर्लिंग को वस्त्र से ढंककर भस्म अर्पित की गई। महा निवार्णी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। इसके बाद बाबा को शेषनाग का रजत मुकुट, रजत मुंडमाला, रुद्राक्ष की माला और सुगंधित पुष्पों की मालाएं धारण कराई गईं। मोगरे और गुलाब के फूलों से भी भगवान का श्रृंगार किया गया। पूजन के बाद फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया। भस्म आरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं ने नंदी महाराज के दर्शन किए और उनके कान में अपनी मनोकामना कही। इस दौरान मंदिर परिसर बाबा महाकाल के जयकारों से गूंजता रहा।

### न्यूज IN ब्रीफ

### बिलासीपारा में महिला की हत्या से सनसनी, पति हिरासत में

**धुबड़ी (असम)।** धुबड़ी जिले के बिलासीपारा में एक महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना बिलासीपारा के काजाइकाटा छठे खंड गांव में हुई, जहां सड़क किनारे बिती रात एक महिला का शव बरामद किया गया। मृतका की पहचान हसीना खातून के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने महिला की हत्या कर उसके शव को सड़क पर फेंक दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटना के संबंध में मृतका के पति जमर अली को हिरासत में लिया है। हत्या के कारणों और घटना में शामिल व्यक्ति या व्यक्तियों का पता लगाने के लिए पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है। मृतका के शव को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के लिए भेजे जाने की जानकारी है।

### जीएमसीएच में देर रात भीषण आग, 10 मरीज बाल-बाल बचे



**गुवाहाटी।** गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में देर रात भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अस्पताल के मेडिकल आईटीयू-2 में एक मॉनिटर में विस्फोट होने के बाद आग लग गई।

घटना के समय मेडिकल आईटीयू-2 में मौजूद 10 मरीज बाल-बाल बच गए। अस्पताल के कर्मचारियों और आपातकालीन दल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। आग लगने के कारणों और घटना में हुए नुकसान का अभी विस्तृत विवरण सामने नहीं आया है। मामले की जांच के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

### प्रधानमंत्री व अन्य ने पत्रकार पायल मेहता के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई पक्ष-विपक्ष नेताओं ने रविवार को वरिष्ठ पत्रकार पायल मेहता के निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा कि पायल मेहता एक मेहनती पत्रकार थीं जो जमीन से जुड़ी रहीं और अपनी रिपोर्टिंग में राष्ट्रीय मुद्दों की गहरी समझ लेकर आईं। अपने काम के अलावा, उन्हें उस दयालुता और स्नेह के लिए याद किया जाएगा जिसके साथ उन्होंने इतने सारे लोगों के जीवन को प्रभावित किया। उनका अचानक और असमय निधन बेहद दुखद है। उनके परिवार, दोस्तों और सहयोगियों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में हिम्मत दे। ओम शांति।ओम बिरला ने कहा कि मेधावी, वरिष्ठ पत्रकार पायल मेहता लंबे समय से संसद की खबरों को कवर कर रही थीं। उनका देहावसान पत्रकारिता के लिए गहरी क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकसंतप्त परिवार को संबल प्रदान करें। राजनाथ सिंह ने कहा कि पायल एक बेहद मेहनती और समर्पित पत्रकार थीं, जिन्होंने पूरी निष्ठा और प्रोफेशनलिज्म के साथ संसद की कार्यवाही को कवर किया। संसद सत्र के दौरान, वह सुबह से देर रात तक मौजूद रहती थीं, बिना थके कार्यवाही पर नजर रखती थीं और अद्भुत समर्पण के साथ अपना काम करती थीं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में बेला थाना क्षेत्र में बिधूना-बेला मार्ग पर हरदू मोड़ अग्निशमन केंद्र के पास शनिवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। जालौन जिले के माधौगढ़ थाना क्षेत्र के कुदारी गांव निवासी हितेंद्र सिंह हिंदुस्तान पेट्रोलियम में कार्यरत थे। शनिवार रात वह बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान हरदू मोड़ अग्निशमन केंद्र के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल हितेंद्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।बेला थाना पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान करने में जुटी है। थाना प्रभारी अमर बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हादसा करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज ओडिशा दौरे पर, मोहन चरण माझी से करेंगे मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को एक दिवसीय ओडिशा दौरे पर जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 9:50 बजे मुख्यमंत्री निवास से रवाना होकर 10:10 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे। वहां से सुबह 10:40 बजे विमान द्वारा भुवनेश्वर के लिए प्रस्थान करेंगे और 11:45 बजे भुवनेश्वर पहुंचेंगे। भुवनेश्वर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री लिंगराज मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद पुरी पहुंचकर भगवान जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करेंगे। शाम को उनका श्रीमद्भागवत कथा स्थल पहुंचने का कार्यक्रम है। रात्रि विश्राम पुरी के एक निजी होटल में करेंगे। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के साथ बैठक भी प्रस्तावित है। बैठक में महानदी जल विवाद के समाधान सहित दोनों राज्यों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। मुख्यमंत्री सोमवार को दोपहर करीब 1:25 बजे रायपुर लौटेंगे।

न्यूज IN ब्रीफ

## जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत, पति फरार

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के नई मोहल्ला में संदिग्ध परिस्थिति में जहरीला पदार्थ खाने से रश्मि कुमारी की मौत हो गई। मृतका की शादी 5 अगस्त को विशाल कुमार से हुई थी। शनिवार शाम रश्मि ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, घटना के बाद से पति विशाल कुमार फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। अस्पताल पुलिस चौकी के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## एमएमडीआर बिल के विरोध में चैनपुर में झामुमो का जोरदार शंखनाद



**चैनपुर :** एमएमडीआर संशोधन विधेयक के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से शनिवार को पलामू जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इसी क्रम में डालटनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में झामुमो के नेतृत्व में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पार्टी के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत गुरुजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद शंखनाद एवं नगाड़ा बजाकर धरना-प्रदर्शन का विधिवत शुभारंभ किया गया। शंख और नगाड़े की गूंज के बीच कार्यकताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए टटऊफ़ बिल के विरोध में जोरदार नारेबाजी की।कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कमरूदीन अंसारी एयं संचालन सचिव नीतीश सिंह चेरो ने किया। मुख्य अतिथि झामुमो पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की पहचान जल,जंगल, जमीन और खनिज संपदा से है। यहां की प्राकृतिक एवं खनिज संपदा केवल संसाधन नहीं, बल्कि झारखंड के लोगों के जीवन, अधिकार और भविष्य से जुड़ी हुई है। राज्य की धरती से निकलने वाले खनिजों ने देश के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसलिए इससे जुड़े किसी भी निर्णय में झारखंड और यहां के लोगों के हितों एवं अधिकारों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

एमएमडीआर बिल को लेकर झामुमो की ओर से पूरे राज्य में लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आपत्ति दर्ज कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के अधिकारों, प्राकृतिक संसाधनों और यहां के लोगों के हितों की रक्षा के सवाल पर झामुमो चुप नहीं बैठेगा। पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज लगातार बुलंद करती रहेगी। उन्होंने कहा कि यह केवल किसी एक क्षेत्र का विषय नहीं, बल्कि झारखंड के भविष्य और राज्य के संसाधनों से जुड़ा महत्वपूर्ण सवाल है।उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने तथा लोगों को उनके अधिकारों और राज्य के संसाधनों से जुड़े विषयों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि झामुमो संघर्ष और आंदोलन की धरती से निकला संगठन है और झारखंड के हितों से जुड़े मुद्दों पर पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता एकजुट होकर लोकतांत्रिक संघर्ष को आगे बढ़ाते रहेंगे।धरना-प्रदर्शन के उपरांत टटऊफ़ बिल के विरोध एवं अपनी मांगों को लेकर भारत के राष्ट्रपति के नाम प्रखंड पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। झामुमो नेताओं ने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार तक झारखंड के हितों और पार्टी की आपत्तियों को पहुंचाने का प्रयास किया गया है।कार्यक्रम में झामुमो चैनपुर के पर्यवेक्षक देवानन्द भारद्वाज, फाजाइल अहमद, मनत सिंह बग्गा, रिशु अग्रवाल, बबलू चौधरी, कांति चंद्रवंशी, प्रदीप सिंह, अरविंद चौधरी एवं ललन चौधरी सहित अन्य नेता उपस्थित रहे। वहीं चैनपुर प्रखंड कमेटी की ओर से प्रखंड अध्यक्ष कमरूदीन अंसारी, प्रखंड सचिव नीतीश सिंह चेरो, प्रखंड उपाध्यक्ष रंजीत तिवारी, विकास चंद्र कुमार, प्रखंड कोषाध्यक्ष अनिल चंद्रवंशी एवं अजमल जी, मुस्तकीम अंसारी सहित प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।धरना स्थल पर कार्यकताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यकताओं ने हाथों में पार्टी के झंडे लेकर टटऊफ़ बिल के विरोध में नारेबाजी की। शंखनाद और नगाड़े की गूंज के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में कार्यकताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए अपनी आवाज बुलंद की। पलामू जिले के अन्य प्रखंड मुख्यालयों में भी झामुमो के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि झारखंड के हितों से जुड़े मुद्दों पर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना और राज्य के अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाना आगे भी जारी रहेगा।

## चलती ट्रेन से 13 लाख के आभूषण चोरी, राजमहल में छापेमारी

**साहिबगंज/राजमहल :** हावड़ा डिविजन के कोटाल पोखर रेलवे स्टेशन के आसपास चलती ट्रेन से पश्चिम बंगाल के कूचबिहार निवासी महिला यात्री निरुपमा दास के करीब 13 लाख रुपये के आभूषण व अन्य सामान चोरी होने के मामले में शनिवार को हावड़ा क्राइम ब्रांच की टीम राजमहल पहुंची। टीम ने पाकुड़ रेल पुलिस, राजमहल पुलिस और आरपीएफ के साथ मिलकर चोरी के आभूषणों की बरामदगी के लिए विभिन्न ठिकानों पर कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, घटना 14-15 सितंबर की रात की है। निरुपमा दास ट्रेन के एस-1 कोच में बर्थ संख्या 75 और 77 पर यात्रा कर रही थीं। रात करीब 1:30 से 2 बजे के बीच कोटालपोखर के आसपास उनका कॉफी रंग का लेडीज हैंडबैग ट्रेन से चोरी हो गया। बैग में दो सोने की चेन, चूड़ा, माला, हार, दो अंगूठियां, एक अन्य सोने की चेन, मोटोरोला जी35 मोबाइल और जरूरी दस्तावेज थे। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 13 लाख रुपये बताई गई है।

जांच के दौरान पुलिस ने बरहरवा थाना क्षेत्र के मुख्य आरोपी जियाउल शेख उर्फ छपरा को राजमहल थाना क्षेत्र के नागेश्वर बाग स्थित उसके ससुराल से हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने आभूषणों को अलग-अलग जगहों पर बेचने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने चोरी के आभूषणों की बरामदगी के लिए छापेमारी शुरू की। इसी क्रम में राजमहल थाना क्षेत्र के लालू मार्केट स्थित प्रदीप साह की ज्वेलरी दुकान की जांच की गई। यहां से पुलिस ने दो सोने की चेन और एक जोड़ी कान की बाली बरामद की। पुलिस बरामद आभूषणों का पीड़िता द्वारा बताए गए सामान से मिलान करा रही है।मामले में लालू मार्केट निवासी दुकानदार प्रदीप साह को भी हिरासत में लिया गया है।आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है। आरोपी को पकड़ा गया है और उसके द्वारा बेचे गए आभूषणों की बरामदगी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# गोवा मॉडल कॉलेज से अतिक्रमण हटाने का निर्देश, छात्रावास निर्माण में देरी पर डीसी नाराज

### जालिम खुर्द पंचायत भवन में नहीं मिले कर्मी, भूसुर में निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

संवाददाता

**लातेहार :** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार ने शनिवार को गोवा मॉडल डिग्री कॉलेज, जालिम खुर्द पंचायत भवन और भूसुर पंचायत अंतर्गत निमार्णाधीन विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और सरकारी संस्थानों में कर्मियों की उपस्थिति की जानकारी ली। लापरवाही और अनावश्यक विलंब पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

गोवा मॉडल डिग्री कॉलेज के निरीक्षण के दौरान भवन के समीप अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया। उपायुक्त ने अंचल अधिकारी लातेहार को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। कॉलेज परिसर में निमार्णाधीन बाउंड्री का जायजा लेते हुए इसे शीघ्र पूरा कराने को कहा।

छात्रावास निर्माण में देरी पर संवेदक के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

कॉलेज के छात्रावास निर्माण की धीमी प्रगति पर उपायुक्त ने नाराजगी जतायी। निर्धारित मानकों और प्रावधानों के अनुपालन में कमी को गंभीरता से लेते हुए संबंधित संवेदक या एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

पंचायत भवन में नहीं मिले कर्मी, जांच के आदेश



इसके बाद उपायुक्त ने जालिम खुर्द पंचायत भवन का निरीक्षण किया। यहां किसी भी कर्मी की उपस्थिति नहीं मिलने पर उन्होंने मामले की जांच कर लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सरकारी भवनों और संस्थानों में कार्यों के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी पदाधिकारी और कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन समयबद्ध एवं जिम्मेदारीपूर्वक करें।

भूसुर में निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

भूसुर पंचायत अंतर्गत उपायुक्त ने निमार्णाधीन हॉकी स्टेडियम, स्विमिंग पूल, एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग, मल्टीपरपस हॉल, कमर्शियल ट्रेनिंग सेंटर, छात्रावास एवं लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कार्य एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भवन प्रमंडल द्वारा बनाए जा रहे एक भवन का निर्माण अब तक शुरू नहीं होने पर भी उपायुक्त ने नाराजगी जतायी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने और अनावश्यक देरी रोकने का निर्देश दिया। साथ ही सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने पर जोर दिया।

मौके पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, अंचल अधिकारी नन्द कुमार समेत संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एमएमडीआर संशोधन के विरोध में झामुमो का धरना, केंद्र के खिलाफ की नारेबाजी

# खनिज संसाधनों पर राज्य की जनता का अधिकार : बैजनाथ राम

संवाददाता

**चंदवा :** एमएमडीआर संशोधन के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने शनिवार को चंदवा प्रखंड कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया। केंद्रीय नेतृत्व एवं लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देश पर आयोजित धरने में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी।

धरने की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी ने की, जबकि मंच संचालन जिला प्रवक्ता शमशेर खान ने किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम एवं जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव मुख्य रूप से मौजूद रहे।

धरने को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है। यहां के खनिज संसाधनों पर सबसे पहला हक झारखंड की जनता और राज्य के हितों का होना चाहिए। उन्होंने



एम एम डी आर संशोधन से जुड़े प्रावधानों पर झारखंड के हितों एवं अधिकारों को ध्यान में रखते हुए पुनर्विचार करने की मांग की।

जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड ने देश के औद्योगिक विकास में अपने खनिज संसाधनों के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अब राज्य के संसाधनों का लाभ स्थानीय जनता, युवाओं एवं राज्य के विकास को मिलना चाहिए। झामुमो झारखंड के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगा।

जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा ने कहा कि झारखंड के जल, जंगल, जमीन और खनिज संसाधनों से जुड़े अधिकारों की रक्षा करना आवश्यक है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा, ह्लकेंद्र सरकार होश में आओ, झारखंड के अधिकारों के साथ खिलवाड़ बंद करो और यह काला बिल वापस लो।

धरने के बाद झामुमो नेताओं एवं कार्यकताओं के प्रतिनिधिमंडल ने अंचल अधिकारी, चंदवा को एम एम डी आर संशोधन के विरोध एवं झारखंड के हितों की रक्षा से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

## चंदवा स्वास्थ्य केंद्र में बदहाल हो रही हरियाली

संवाददाता



**चंदवा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा परिसर को हरा-भरा और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से करायी गयी बागवानी अब रखरखाव के अभाव में बदहाल होती नजर आ रही है। परिसर में लगाये गये महंगे किस्म के घास की उचित देखभाल नहीं होने से उसकी जगह जंगली घास उगने लगी है। इससे बागवानी की सुंदरता प्रभावित होने के साथ-साथ रखरखाव व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

स्वास्थ्य केंद्र परिसर में हरियाली विकसित करने के लिए लगाये गये घास और पौधों की नियमित कटाई, सिंचाई एवं साफ-सफाई नहीं होने से स्थिति बिगड़ती जा रही है। ऐसे में सरकारी राशि से तैयार करायी गयी बागवानी के उद्देश्य पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

पइस संबंध में स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी नीलिमा कुमारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बागवानी उनके ही देखरेख में है। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही इसे ठीक करा दिया जाएगा।

अब देखना यह है कि प्रभारी के आश्वासन के बाद स्वास्थ्य केंद्र परिसर की बागवानी को कब तक दुरुस्त कराया जाता है और महंगे किस्म के घास एवं पौधों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित हो पाता है या नहीं।

## जनप्रतिनिधि देखते रहे, ग्रामीणों ने खुद उठा ली सड़क की जिम्मेदारी

मेट्रोरेज संवाददाता

**हुसैनाबाद :** जब सड़क की बदहाली पर जनप्रतिनिधियों की नजर नहीं पड़ी तो बहेरा खुर्द के ग्रामीणों ने खुद ही सड़क की कमान संभाल ली। पंचायत पोलडीह के बहेरा खुर्द में वर्षों से जर्जर सड़क ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी। अस्पताल जाने वाले मरीज हों, स्कूल जाने वाले विद्यार्थी या प्रखंड मुख्यालय और हाट-बाजार जाने वाले ग्रामीण–सभी को बदहाल सड़क के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। आखिरकार ग्रामीणों ने इंतजार छोड़ दिया और आपस में चंदा जुटाकर अपने निजी खर्च से सड़क की मरम्मत शुरू कर दी।

विडंबना यह है कि सड़क की बदहाली से जनप्रतिनिधि अनजान नहीं हैं। ग्रामीणों के अनुसार मुखिया से लेकर जिला परिषद सदस्य और विधायक तक सभी को सड़क की स्थिति की जानकारी है। इसके बावजूद किसी स्तर से ठोस पहल नहीं हुई। ऐसे में ग्रामीणों की यह पहल व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों के लिए किसी आईने से कम नहीं, जिसमें विकास के दावों की हकीकत साफ दिखाई दे रही है।मोनू सिंह, मनीष सिंह, टुनटुन सिंह, छोटू सिंह, छोटन सिंह, प्रिंस सिंह, पंकज सिंह, शुभम सिंह, पांडे सिंह, सुलभ सिंह, पिंटू सिंह, कृष्णदेव सिंह सहित अन्य ग्रामीण अपने स्तर से सड़क को कम से कम आवागमन के योग्य बनाने में जुटे हैं।

ग्रामीणों का श्रमदान केवल सड़क की मरम्मत नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी और आत्मनिर्भरता की मिसाल भी बन गया है। बहेरा खुर्द के ग्रामीणों ने यह संदेश दिया है कि विकास के लिए हमेशा सरकारी फाइल खुलने का इंतजार जरूरी नहीं, यदि गांव एकजुट हो तो बदलाव की शुरूआत खुद भी की जा सकती है।अब सवाल यह है कि ग्रामीण जब अपने पैसे और श्रम से सड़क बनाने को मजबूर हैं, तो फिर विकास योजनाओं और जनप्रतिनिधियों की भूमिका आखिर किस दिन दिखाई देगी?

# सहरसा से हटाए गए डॉक्टर एसके आजाद

### श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने स्वास्थ्य मंत्री से की थी जांच प्रभावित करने की शिकायत

संवाददाता

**पटना :** बिहार के सहरसा में पत्रकारों के साथ बदसलूकी के मामले में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन और युवा पत्रकार संघ के द्वारा बिहार के स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर उनके माफिया गिरी और पुराने कारनामों को लेकर शिकायत किया था जिसमें उनके सहरसा में रहने पर मामले की जांच प्रभावित होने की आशंका जताते हुए सीसीटीवी फुटेज डिलीट करने का आरोप लगाया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल उन्हें सहरसा से हटाते हुए मुख्यालय बुला लिया गया है। हालांकि पत्रकार के साथ विवाद और पुराने मामले को लेकर अभी भी जांच चालू है और बहुत जल्द रिपोर्ट आने के बाद उनके ऊपर कठोर कार्रवाई करने की आश्वासन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दिया जा रहा है।

बताते चलें कि श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के महासचिव मुकुंद कुमार सिंह और युवा पत्रकार संघ के अध्यक्ष कुंदन कुमार ने यूनियन के दर्जनों सदस्यों के साथ स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर डॉक्टर एसके आजाद और अस्पताल प्रबंधक सिंपी कुमारी के पुराने कारनामों को प्रमुखता से उनके सामने रखा और यह आरोप लगाया कि पहले भी उनके ऊपर कई अन्य मामले को लेकर आरोप लगे और जांच में क्या हुआ यह फाइलों में ही रह गई। इस बार भी ऐसा ही कुछ हो रहा है। डॉ एसके आजाद अभी भी सहरसा अस्पताल में मौजूद है और सबूत मिटाने का



प्रयास कर रहा है। जिस तरीके से अस्पताल में मारपीट का सीसीटीवी फुटेज डिलीट हो गया यह दुर्भाग्यपूर्ण है। सहरसा सदर अस्पताल में डॉक्टर एसके आजाद अपने गुंडो के साथ बैठकर माफिया गिरी कर रहा है उन्हें तत्काल वहां से हटकर जांच शुरू किया जाए नहीं तो पत्रकार और पब्लिक में आक्रोश बढ़ रहा है कहीं कोई अप्रिय घटना न घट जाए।

यह वही डॉक्टर एसके आजाद हैं जिन्होंने इलाज के दौरान मरीज के पेट में चाकू छोड़ दिया था और तो और इलाज मे लापरवाही के कारण मरीज की मौत के बाद पूरा सहरसा इनके खिलाफ प्रदर्शन करने लगा था। उसे वक्त भी जिला प्रशासन के द्वारा जांच कमेटी बनाई गई थी और जांच में क्या हुआ यह पता नहीं लेकिन डॉक्टर एसके आजाद आज भी सहरसा में पदस्थापित है। साथ ही यह भी आरोप उन पर लगाया गया था कि वह निजी अस्पताल भी चलाते हैं और सरकारी अस्पताल में आए मरीजों को बहला कर अपने अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए भेजते हैं। वहीं अस्पताल प्रबंधक सिंपी कुमारी को लेकर भी स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत किया गया था की पूर्णिया में जब वह अस्पताल प्रबंधन के रूप में तैनात थी तब उन पर कई तरह के आरोप लगे थे और शैक्षणिक योग्यता को लेकर भी उठे थे सवाल। वर्ष 2017 में हुई जांच के दौरान सिंपी कुमारी के शैक्षणिक अभिलेखों की भी जांच की गई थी। जांच रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से मानव भारती विश्वविद्यालय, सोलन (हिमाचल प्रदेश) से एमबीए की डिग्री प्राप्त की थी। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया था कि यह नियमित पाठ्यक्रम नहीं था और डिग्री में हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन का उल्लेख नहीं था।

# चाईबासा में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एमएसीटी पर कार्यशाला संपन्न

संवाददादता

**चाईबासा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वावधान में रविवार को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित न्यायालय सभागार में मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल एम ए सी टी पर एक दिवसीय जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा), नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पश्चिमी सिंहभूम मौहम्मद शाकिर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में शाकिर ने कहा कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को ससमय और उचित मुआवजा दिलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा जो महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की जा रही हैं, उसका लाभ लेकर इस प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि एम ए सी टी के मामलों में न्यायालय शुल्क मात्र 10 रुपये देय है, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि इस मामले में यथासंभव तय समय पर करवाई किया जाना आवश्यक है जिससे पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिल सके।

कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में प्रशिक्षक के रूप

में अधिवक्ता अमर बक्शी ने मोटर दुर्घटना कानून की धारा 166 के



अनुसार प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुलिस को ससमय दुर्घटना से संबंधित सभी दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, ऐसा नहीं होने पर इसकी सूचना न्यायालय को देना आवश्यक है।

द्वितीय सत्र में अधिवक्ता प्रमोद प्रसाद ने पुलिस अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को एम ए सी टी के तहत अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की जानकारी

दी. विशेषकर अक्फ़ [एक्सीडेंटल इनफॉरमेशन रिपोर्ट] और ऊक्फ़ [डेथ इनफॉरमेशन रिपोर्ट] की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया

इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बहमण टूटी ने भी उपस्थित पुलिस अधिकारियों को एफ आर आई दर्ज करने की प्रक्रिया और मोटर दुर्घटना में क्लेम से संबंधित मामलों में बरती जाने वाली सावधानियां के प्रति सचेत किया और विस्तार से जानकारी प्रदान की

उन्होंने एक्सीडेंटल इनफॉरमेशन रिपोर्ट और डेथ इनफॉरमेशन रिपोर्ट पर अपनायी जाने वाली सावधानियां के प्रति भी पुलिसकर्मियों को विशेष हिदायत दी

सदर अस्पताल के उपाध्यक्ष डॉक्टर शिवचरण हांसदा ने पीड़ित को उपचार और मुआवजा के लिए डॉक्टर और चिकित्सा प्रबंधन को अपनाए जाने वाली प्रमुख प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान की उन्होंने दुर्घटना से होने वाली मृत्यु पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य संबंधित जानकारियां प्रक्रिया के तहत ससमय ट्रिब्यूनल के समक्ष प्रस्तुत करने पर जोर दिया ताकि पीड़ित परिवार को मुआवजा मिलने में परेशानी ना हो इस अवसर पर डी एल एस आर के सचिव रवि चौधरी ने मंच का संचालन किया, मौके पर न्यायिक पदाधिकारीगण अधिवक्तागण, पुलिस पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।